इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव






## संसद का मानसून सत्र: चढ़ावा चोरी, पेपर लीक को लेकर संसद में हंगामा: खड़गे बोले- जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज से बच्चों की आवाज दबा रही सरकार



नई दिल्ली। मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष के हंगामे के चलते कार्यवाही नहीं चल पाई। लोकसभा और राज्यसभा को छह बार स्थगित करना पड़ा। विपक्षी सांसद नीट पेपर लीक, राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर चर्चा की मांग कर रहे थे। कुछ सांसद पोस्टर-बैनर लेकर सदन के अंदर आए। मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में जंतर-मंतर पर हुए कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा की। खड़गे ने कहा- जंतर-मंतर पर बच्चे इकट्ठा हुए, उनकी आवाज को दबाया जा रहा।

सरकार ने उन पर लाठीचार्ज किया। उधर हंगामे के बीच लोकसभा में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल पेश किया। दिन में सबसे पहले मोदी ने संसद के हंस द्वार पर मीडिया को 15 मिनट संबोधित किया। पीएम ने कहा- मानसून हो या मानसून सत्र, अगर दोनों प्रो-एक्टिव हों तो बहुत ही प्रोडक्टिव होते हैं। संसद में तर्क के साथ चर्चा हो।

### सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल ऑर्डिनेंस की जगह लेगा

लोकसभा में सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) संशोधन विधेयक पेश, 2026 पेश किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में जजों की स्वीकृत संख्या 34 से बढ़ाकर 38 (मुख्य न्यायाधीश सहित) की जाएगी। यह बिल मई में जारी ऑर्डिनेंस की जगह लेगा। ऑर्डिनेंस लागू होने के बाद बढ़ी हुई स्वीकृत संख्या के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में 5 नए जज नियुक्त किए जा चुके हैं। इस संशोधन के लिए संविधान में बदलाव की जरूरत नहीं है। इसे पारित करने के लिए संसद में साधारण बहुमत चाहिए।

## राज्यसभा में पूर्व सदस्यों और कतर के पूर्व अमीर को दी गई श्रद्धांजलि, सदन ने रखा दो मिनट का मौन



नई दिल्ली। राज्यसभा में सोमवार को सभापति ने सदन की कार्यवाही शुरू होने पर पूर्व राज्यसभा सदस्यों बलबीर के. पुंज, स्वपन साधन बोस, रंगासायी रामकृष्ण और एच. हनुमंथप्पा के साथ-साथ कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल-थानी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। श्रद्धांजलि संदेश के बाद सदन ने दिवंगत आत्माओं की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

सभापति ने बताया कि पूर्व राज्यसभा सदस्य बलबीर के. पुंज का 18 अप्रैल 2026 को 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे वर्ष 2000 से 2006 तक उत्तर प्रदेश तथा 2008 से 2014 तक ओडिशा का राज्यसभा में प्रतिनिधित्व कर चुके थे। पंजाब के गुरदासपुर जिले में जन्मे बलबीर पुंज प्रख्यात पत्रकार, लेखक, विचारक और सार्वजनिक बुद्धिजीवी के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर लेखन और विश्लेषण से अपनी अलग पहचान बनाई तथा भारत सरकार के राष्ट्रीय युवा आयोग के अध्यक्ष के रूप में भी सेवाएं दीं। सभापति ने कहा कि उनके निधन से देश ने एक प्रतिष्ठित सांसद, वरिष्ठ पत्रकार और प्रख्यात लेखक को खो दिया है। सभापति ने स्वपन साधन बोस के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। उनका 12 मई 2026 को 78 वर्ष की आयु में निधन हुआ। वे वर्ष 2005 (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी समर्थकों को जंतर-मंतर से हटाया: सीजेपी बोली- निहत्थों को पीटा, संसद मार्च में भी लाठीचार्ज; वांगचुक बोले- अनशन नहीं तोड़ूंगा



नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी ने सोमवार को जंतर-मंतर से संसद तक मार्च निकाला। सुबह 8 से शाम 5 बजे तक चले प्रदर्शन के दौरान कई बार प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई। सुबह 8 बजे शुरू हुए प्रदर्शन में 10 बजे प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़कर संसद की ओर मार्च किया। आंदोलनकारी जंतर-मंतर से संसद मार्ग, जनपथ चौराहा, वॉर मेमोरियल, कर्तव्य पथ, विजय चौक होते हुए संसद के करीब पहुंचे। संसद में घुसने की कोशिश की, जिसके बाद संसद की सुरक्षा बढ़ा दी गई, मुख्य द्वार बंद कर दिया गया। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। देर शाम को पथराव की तस्वीरें भी सामने आईं। इसमें 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी और इतने ही प्रदर्शनकारी भी घायल हुए। सीजेपी ने आरोप लगाया कि निहत्थे आंदोलनकारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोल दागे। इस दौरान कई लोगों के घायल होने की फोटो सामने आई। पुलिस ने शाम 5 बजे तक जंतर-मंतर को खाली करा लिया। कुछ मीडिया रिपोर्टों में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज और हिरासत में लिए जाने के दावे किए गए हैं, जबकि पुलिस ने इन दावों से इनकार किया है। पुलिस के अनुसार, नई दिल्ली क्षेत्र में पहले से ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू थी, जिसके चलते पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध था। संसद की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई और बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए।

### प्रियंका गांधी ने प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ बल प्रयोग की आलोचना की



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ कथित बल प्रयोग और आंसू गैस के इस्तेमाल की आलोचना की। संसद परिसर के बाहर उन्होंने कहा कि छात्र देश का भविष्य हैं और उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि संसद किसी एक व्यक्ति की संपत्ति नहीं है, बल्कि पूरे देश की है। प्रियंका ने आरोप लगाया कि विपक्ष लगातार शिक्षा नीति और परीक्षा व्यवस्था पर चर्चा की मांग करता रहा है, लेकिन सरकार इस विषय पर बहस से बच रही है। उनके अनुसार, शिक्षा व्यवस्था में कई गंभीर समस्याएं हैं, जिन पर खुली चर्चा होनी चाहिए।

### राहुल गांधी ने पीएम को बताया युवा-विरोधी प्रधानमंत्री: बोले- पेपर लीक के दोषी आजाद, छात्रों की हो रही पिटाई



देश में परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों और छात्रों के विरोध प्रदर्शन को लेकर राजनीति तेज हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का सबसे युवा-विरोधी प्रधानमंत्री बताते हुए आरोप लगाया कि पेपर लीक जैसे गंभीर मामलों में कार्रवाई नहीं हो रही, जबकि सवाल उठाने वाले छात्रों पर पुलिस बल का इस्तेमाल किया जा रहा है। कांग्रेस ने इसे शिक्षा व्यवस्था की विफलता का मुद्दा बताते हुए सरकार से जवाब मांगा है। राहुल गांधी ने सोमवार को एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि सरकार छात्रों की चिंताओं को सुनने के बजाय उन्हें दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि देशभर में 152 परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने से करीब 7.5 करोड़ छात्र प्रभावित हुए, लेकिन अब तक किसी जिम्मेदार व्यक्ति को सजा नहीं मिली। राहुल ने यह भी कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सिंधु जल समझौते को लेकर दुनिया के सामने गिड़गिड़ा रहा पाकिस्तान, कनाडा से लगाई मदद की गुहार



इस्लामाबाद। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। इसके बाद से पाकिस्तान छटपटा रहा है। वह चाह रहा है कि यह किसी तरह से बहाल हो जाए। इस संधि को फिर से बहाल कराने के वह अब कनाडा के सामने गिड़गिड़ा रहा है। पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से इस मुद्दे पर मदद मांगी है। आनंद दो दिन के दौरे पर पाकिस्तान आई हुई हैं। 1960 की सिंधु जल संधि भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुआ एक समझौता है। यह संधि सिंधु बेसिन की छह नदियों के पानी के बंटवारे को तय करती है, जिसमें पूर्वी नदियां भारत को और पश्चिमी नदियां मुख्य रूप से पाकिस्तान को आवंटित की गई हैं। भारत ने अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद इसे निलंबित कर दिया था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। भारत का कहना था कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करता, तब तक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश, बनेगी एक और एसआईटी बनेगी; 27 जुलाई को फिर सुनवाई



लखनऊ। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक नई विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित करने के संकेत दिए। कोर्ट ने कहा कि नई एसआईटी में पहले से जांच कर रहे अधिकारियों को भी शामिल किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के नेतृत्व में जांच कराई गई है और उसकी स्टेटस रिपोर्ट अदालत में दाखिल कर दी गई है। एसआईटी की जांच के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है और अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हालांकि उन्होंने कहा कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए खुली अदालत में विस्तृत जानकारी साझा करना उचित नहीं होगा।

### अदालत तीन-चार दिन बाद मामले पर दोबारा सुनवाई करेगी

इस पर मुख्य न्यायाधीश (CJI) ने कहा कि अदालत तीन-चार दिन बाद मामले पर दोबारा सुनवाई करेगी। उन्होंने सुझाव दिया कि वरिष्ठ अधिकारियों की नई एसआईटी बनाई जाए, जिसमें पहले से जांच कर रहे अधिकारी भी शामिल हों। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अदालत को भरोसा दिलाया कि सरकार ऐसा करने के लिए तैयार है। मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता को मामले का राजनीतिकरण न करने की भी नसीहत दी। उन्होंने कहा कि यह एक साधारण आर्थिक अपराध का मामला है और जांच एजेंसियों को अपना काम स्वतंत्र रूप से करने दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई को निर्धारित की है। उस दिन नई एसआईटी के गठन और जांच की प्रगति पर आगे विचार किया जाएगा।

## प्रदेश में 17 करोड़ का स्नेक बाइट घोटाला: फर्जी पोस्टमार्टम का खेल, सिम्स की डॉक्टर और तीन क्लर्क गिरफ्तार



बिलासपुर। बहुचर्चित स्नेक बाइट मुआवजा घोटाले में छत्तीसगढ़ पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। मामले में बिलासपुर सिम्स में पदस्थ रहीं डॉ. प्रियंका सोनी सहित एसडीएम और तहसीलदार ऑफिस के तीन क्लर्क को गिरफ्तार किया है। इस केस में आरोप लगा है कि आरोपियों ने सर्पदंश से मौत की फर्जी रिपोर्ट बनाकर 17 करोड़ से ज्यादा के मुआवजे का गबन कर लिया। इस मामले से जुड़े 16 केस की जांच चल रही है। इस मामले में जांच के घेरे में सिम्स के चार से पांच डॉक्टर भी हैं, जिन पर फर्जी पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाने का संदेह है। हालांकि कुछ डॉक्टर्स से पूछताछ हो चुकी है। आगामी दिनों में इस केस में और भी लोग गिरफ्तार किये जा सकते हैं।

### 431 मौत को दिखाया सर्पदंश

स्नेक बाइट के फर्जी मामले में एसडीएम ऑफिस के बाबू नरेंद्र कौशिक, गरीब राम बिंझवार और तहसीलदार कार्यालय के क्लर्क हरिशंकर राठौर भी संलिप्त पाये गये हैं। पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार किया है। बता दें कि जशपुर जिले में सर्पदंश से पिछले तीन साल में 96 मौत हुई है। इनमें बिलासपुर में 431 मौत को आधार बनाकर 17 करोड़ 24 लाख रुपये का मुआवजे का घोटाला किया गया है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने इस संबंध में विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए इस मुद्दे को उठाया था। जमकर हंगामा होने के बाद राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही थी। वर्ष 2025 में बिल्हा थाने क्षेत्र में जहर खाने से हुई एक मौत को स्नेक बाइट बताकर फर्जी पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार करने का पहला मामला सामने आया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह पर जहाज पर हमला: 4 भारतीयों की मौत, एक की हालत गंभीर

ओडेसा। 19 जुलाई की शाम को यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह पर जहाज पर हुए हमले में 4 भारतीयों की मौत हो गई, वहीं एक की हालत गंभीर है। सोमवार 20 जुलाई को विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। हमले के समय एमवी गोल्डन लियो जहाज पर 17 क्रू सदस्य सवार थे, जिनमें पांच भारतीय नागरिक शामिल थे। मंत्रालय ने कहा, यूक्रेन में हमारा टीम स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है साथ ही प्रभावित लोगों को हर संभव मदद पहुंचाने की पूरी कोशिश कर रही है। सरकार ने इस हमले में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायल क्रू सदस्य के पूरी तरह ठीक होने की कामना की। भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि कमर्शियल शिपिंग को निशाना बनाना, आम नागरिकों वाले क्रू को खतरे में डालना और व्यापार की आजादी में बाधा डालना बेहद निंदनीय है और इससे बचा जाना चाहिए।

## छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 92 एसपी और डीएसपी अधिकारियों के तबादले




रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के गृह (पुलिस) विभाग ने राज्य पुलिस सेवा संवर्ग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 92 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ASP) और उप पुलिस अधीक्षक (DSP) स्तर के अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, ओ.पी. शर्मा को सेनानी, चौथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (माना, रायपुर) के पद से स्थानांतरित कर पुलिस अधीक्षक, मुख्यमंत्री सुरक्षा, छत्तीसगढ़ के पद पर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

गृह (पुलिस) विभाग द्वारा जारी तबादला सूची में राज्य के विभिन्न जिलों और इकाइयों में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों एवं उप पुलिस अधीक्षकों को नई पदस्थापनाएं दी गई हैं। सरकार का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में बेहतर समन्वय, कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाना तथा पुलिस व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ करना बताया जा रहा है।

इस व्यापक तबादला आदेश के बाद संबंधित अधिकारियों को तत्काल अपने नए पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मानसून सत्र 2026 का आगाज़ : प्रधानमंत्री मोदी ने रचनात्मक बहस, विकास और युवाओं की उपलब्धियों पर दिया जोर



नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र 2026 के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए आशा व्यक्त की कि यह सत्र सार्थक चर्चा, सकारात्मक संवाद और राष्ट्रीय हित में प्रभावी निर्णयों का मंच बनेगा। उन्होंने कहा कि जैसे सक्रिय मानसून देश के लिए समृद्धि लाता है, उसी प्रकार एक उत्पादक मानसून सत्र भी राष्ट्र के विकास को नई गति प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, चाहे मानसून हो या मानसून सत्र, जब दोनों सक्रिय होते हैं तो वे अत्यधिक उत्पादक होते हैं और राष्ट्र के कल्याण में योगदान देते हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि मानसून सक्रिय रहे और मानसून सत्र भी उत्पादक रहे। उन्होंने कहा कि संसद का सुचारू संचालन, तथ्यों पर आधारित गंभीर चर्चा और देशहित में सामूहिक निर्णय आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सांसदों से आग्रह किया कि वे व्यवधानों से बचते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करें और भारत की प्रगति के लिए रचनात्मक भूमिका निभाएं।

### पिछले एक महीने की उपलब्धियों पर जताया गर्व

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते एक महीने में भारत ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई ऐसी उपलब्धियां हासिल की हैं, जिन्होंने प्रत्येक भारतीय का मस्तक गर्व से ऊंचा किया है। उन्होंने विशेष रूप से अंतरिक्ष क्षेत्र में भारतीय युवाओं और स्टार्टअप्स की सफलता का उल्लेख करते हुए निजी अंतरिक्ष कंपनी स्काईरूट द्वारा हासिल ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि मात्र 28 वर्ष की औसत आयु वाली टीम ने भारत को निजी अंतरिक्ष अन्वेषण के नए युग में पहुंचाकर दुनिया के सामने भारतीय युवाओं की क्षमता का परिचय दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि भारतीय युवाओं की आकांक्षाएं और क्षमताएं अंतरिक्ष की तरह असीमित हैं।

### सुधारों का परिणाम है युवाओं का बढ़ता आत्मविश्वास

प्रधानमंत्री ने इन सफलताओं का श्रेय सरकार द्वारा किए गए नीतिगत सुधारों और नवाचार को प्रोत्साहित करने वाले वातावरण को दिया। उन्होंने कहा कि सुधारों के कारण आज देश का युवा बड़े जोखिम लेने और नए क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने का साहस दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में विकसित हो रहे नवाचार और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र ने युवाओं को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## त्रिपुरा के पुलिस महानिदेशक अनुराग धनखड़ ने की आत्महत्या, अगरतला पुलिस हेडक्वार्टर में मचा हड़कंप



नई दिल्ली। त्रिपुरा की राजधानी अगरतला से एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जहाँ राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग धनखड़ का शव पुलिस मुख्यालय स्थित उनके ही आधिकारिक कार्यालय में मिला है। सूबे के शीर्ष पुलिस अधिकारी का शव मुख्यालय में बरामद होने के बाद पूरे राज्य के प्रशासनिक और सुरक्षा महकमे में हड़कंप मच गया है। मामले की अति-संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस विभाग के तमाम वरिष्ठ अधिकारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया है और पूरे कार्यालय परिसर को सुरक्षा घेरे में लेकर गहन छानबीन शुरू कर दी है। इस हाई-प्रोफाइल घटना की सूचना मिलते ही त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और मुख्य सचिव जेके सिन्हा समेत सरकार के सभी वरिष्ठ अधिकारी और मंत्री स्तब्ध रह गए और फौरन आगे की स्थिति का जायजा लेने के लिए अस्पताल पहुंचे। घटनाक्रम के अनुसार, सोमवार को जब डीजीपी अनुराग धनखड़ के कार्यालय से कोई हलचल नहीं हुई, तो वहां मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों ने अंदर जाकर देखा। सूत्रों के मुताबिक, अनुराग धनखड़ अपने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहाड़ी राज्यों में मानसून का कहर: घाटी से पूर्वोत्तर तक भूस्खलन-बाढ़ ने मचाई तबाही, जम्मू-कश्मीर में 23 की मौत



नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही भारी बारिश, भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण सोमवार को बारिश से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 23 हो गई। वहीं, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भी मूसलाधार बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 20 और 21 जुलाई को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। 20 जुलाई को उत्तराखंड, बिहार तथा असम-मेघालय में भी भारी बारिश का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार से पांच दिनों तक उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत में मानसून सक्रिय बना रहेगा। आईएमडी ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के कमजोर पड़ने और उत्तर भारत में मानसूनी धाराओं के मजबूत होने के कारण मानसून फिर सक्रिय हुआ है।

### जम्मू-कश्मीर सबसे प्रभावित राज्य

सबसे अधिक प्रभावित जम्मू-कश्मीर रहा, जहां जम्मू संभाग में बारिश से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला और उसके दो बच्चे भी शामिल हैं। पिछले दो दिनों में राज्य में बारिश से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। अधिकारियों के अनुसार, पुंछ और राजौरी के बाढ़ प्रभावित इलाकों में सात लोग अब भी लापता हैं। लगातार बारिश के कारण दिन में राहत और बचाव कार्य प्रभावित रहा। हालांकि मौसम में कुछ सुधार होने पर अभियान तेज किया गया, लेकिन देर शाम तक लापता लोगों का कोई पता नहीं चल सका। पुंछ जिले के लोरान के ऊपरी इलाके में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से मिट्टी का मकान ढह गया। इस हादसे में एक महिला और उसके दो बच्चों समेत सात लोग मलबे में दबकर मौत का शिकार हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग भी बंद रहा। मार्ग पर चट्टानें गिरने से दो निजी वाहन इसकी चपेट में आए, हालांकि उनमें सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती जिलों में सोमवार तड़के करीब तीन बजे से शुरू हुई बारिश लगातार जारी रही, जिससे प्रभावित इलाकों में राहत और खोज अभियान (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# स्वामित्व कार्ड ग्रामीणों के आत्मसम्मान एवं आत्मनिर्भरता की चाबी : डॉ. रमन सिंह



○ विधानसभा अध्यक्ष ने 150 हितग्राहियों को बांटे प्रॉपर्टी कार्ड, एम्बुलेंस एवं स्वच्छता वाहन को दिखाई हरी झंडी
○ स्वामित्व योजना से मिला मालिकाना हक का कानूनी प्रमाण, बैंकों से लोन पाना होगा आसान

**राजनांदगांव (दावा)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज स्पीकर निवास में आयोजित स्वामित्व योजना अंतर्गत स्वामित्व पट्टा वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ईरा, मनकी, आरला, बांकल एवं कुसमी के 150 हितग्राहियों को स्वामित्व पट्टों का वितरण किया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उपलब्ध कराई गई एम्बुलेंस एवं स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि स्वामित्व कार्ड केवल कागज का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि ग्रामीणों के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता की चाबी है। उनके कानूनी अधिकार का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि वर्षों से ग्रामीण आबादी की भूमि का स्पष्ट रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 अप्रैल 2020 को प्रारंभ की गई स्वामित्व योजना के माध्यम से अब प्रत्येक ग्रामीण परिवार को उसकी आवासीय भूमि का प्रमाणित अभिलेख उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक ड्रोन सर्वे एवं डिजिटल मैपिंग के माध्यम से गांवों की आबादी भूमि का सर्वेक्षण किया गया है। अब प्रत्येक मकान एवं भूमि का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का विधिवत स्वामित्व प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि जिले के अनेक गांवों में सर्वे एवं अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तथा चरणबद्ध तरीके से सभी गांवों में शिविर लगाकर स्वामित्व कार्ड वितरित किए जाएंगे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि स्वामित्व कार्ड मिलने से ग्रामीण अपनी संपत्ति का विधिक प्रमाण प्राप्त करेंगे। इसके आधार पर बैंकों से ऋण प्राप्त करना भी आसान होगा। जिससे ग्रामीण आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना गांवों के विकास एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उल्लेख करते हुए ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में अपने घरों की छतों पर सोलर संयंत्र स्थापित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सोलर संयंत्र स्थापना पर आकर्षक अनुदान दिया जा रहा है। इससे बिजली का बिल शून्य होने के साथ अतिरिक्त बिजली उत्पादन से आय अर्जित करने का अवसर भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों को स्वामित्व कार्ड प्राप्त हुआ है। वे इस दस्तावेज के आधार पर बैंक से ऋण लेकर भी सोलर संयंत्र स्थापित कर सकते हैं और योजना का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल 2020 को प्रारंभ की गई स्वामित्व योजना ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार प्रदान करने वाली ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने बताया कि स्वामित्व योजना के अंतर्गत ड्रोन तकनीक से गांवों का सर्वे कर डिजिटल नक्शा तैयार किया जाता है तथा संपत्ति का अधिकार अभिलेख प्रदान किया जाता है। कलेक्टर ने बताया कि राजनांदगांव जिले के 654 ग्रामों में प्रॉपर्टी कार्ड तैयार किए जाने हैं। इनमें से 186 ग्रामों का अंतिम प्रकाशन किया जा चुका है। पूर्व में 24 ग्रामों के 1 हजार 283 हितग्राहियों को प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए जा चुके हैं तथा शेष ग्रामों में अधिकार अभिलेख तैयार करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि आज 5 ग्रामों के 150 हितग्राहियों को प्रॉपर्टी कार्ड प्रदान किए गए। कलेक्टर ने कहा कि स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को उनकी संपत्ति पर कानूनी अधिकार मिलेगा, बैंक से ऋण प्राप्त करने में सुविधा होगी, भूमि संबंधी विवादों में कमी आएगी तथा पंचायतों के पास गांवों का सटीक डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध होगा। जिससे विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि संपत्ति कार्ड में पति-पत्नी दोनों का नाम दर्ज किए जाने से महिलाओं को भी संपत्ति में समान अधिकार और सशक्तिकरण का अवसर मिलेगा।

# विद्यार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत 101 स्कूल बसों की जांच की गई



राजनांदगांव (दावा)। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत जारी निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग एवं यात्रायात विभाग द्वारा पुलिस रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में स्कूली बसों की जांच की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिल कुमार भगत ने बताया कि इस दौरान 101 स्कूली वाहनों के 16 बिन्दुओं के अतिरिक्त वीएलटीडी व पैनिक बटन की जांच की की गई। जांच में कुछ वाहनों में कमी पाए जाने पर उसे पूरा कर दोबारा भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। सभी वाहन चालक वर्दी वाहनों के साथ उपस्थित हुए। यातायात प्रभारी नवरत्न कश्यप ने सभी वाहन चालकों को वाहन धीमी गति से चलाने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, स्कूल द्वारा अनुमोदित चालक ड्रेस पहन कर वाहन चलाने तथा परिचालकों को वाहन खड़ी होने के बाद ही बच्चों को नीचे उतारने व रोड पार कराने के निर्देश दिए। स्कूल बसों की जांच की कार्रवाई में परिवहन उप निरीक्षक सोनम लालचंदानी, येनलाल चन्द्राकर, शिवलाल सिंह कंवर, रामकरण रात्रे, मिथलेश कुमार महार, कपिल श्रीवास्तव, मिलाप बरेठ, रविकांत देवांगन, सुखदेव साहू, यशोदा साहू, रमाकांत, केशव राजपूत, विपिन मेहर शामिल थे।

# नीलगिरी पार्क में मंदिर का जीर्णोद्धार करने महापौर ने किया भूमिपूजन



राजनांदगांव (दावा)। धार्मिक आस्था के केन्द्र मंदिरो का जीर्णोद्धार करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया कर जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत वार्ड नं. 22 के नीलगिरी पार्क कालोनी स्थित नीलकंठ महादेव एंव हनुमान मंदिर का 5 लाख रूपये की लागत से जीर्णोद्धार करने महापौर मधुसूदन यादव ने कालोनी वासियों की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती प्रियंका कुरंजेकर व पार्षद श्रीमती अपूर्वा श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद अतुल रायजादा के अलावा रिभय यादव, पार्षद प्रतिनिधि पंकज कुरंजेकर व समीर श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित थे। भूमिपूजन अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि धार्मिक न्याय एवं धर्मस्व विभाग द्वारा स्वीकृत राशि से शहर के मंदिरो का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। इसी कडी में नीलगिरी पार्क कालोनी के मंदिर का जीर्णोद्धार करने भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की सोच धार्मिक भावना को ध्यान में रखकर आस्था के प्रमुख केन्द्र मंदिरो का जीर्णोद्धार करना है। इसी सोच को सकार करने निगम सीमाक्षेत्र स्थित मंदिरो के जीर्णोद्धार के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर विभाग को प्रस्ताव भेजा गया। स्वीकृति प्राप्त होते ही निविदा प्रक्रिया कर मंदिरो का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

मंदिर का जीर्णोद्धार के लिए भूमिपूजन करने पर पार्षद श्रीमती प्रियंका कुरंजेकर ने महापौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंदिर का जीर्णोद्धार करने क्षेत्रवासियों की लंबे समय से मांग थी। जो अब पूरा होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार वार्ड विकास में महापौर जी का सहयोग मिलता रहेगा। भूमिपूजन के पूर्व वार्ड के टीकाराम त्यागी, रामजी गजबल्ला, सुधीर शेण्डे, संदीप झीरसागर, बीरबल ठाकुर, आदित्य पराते, अनमोल विश्वास, भूपेन्द्र सिंह, अविनाश साहू, श्रीमती शीतल गौतम, श्रीमती अश्वनी झीरसागर, शुभी साहू, प्रज्ञा मिश्रा, पूजा लांगे, संतोष अग्रवाल, अर्चना सिंह, किरण शेण्डे, लता शर्मा, संस्कार झा, राहुल यादव ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात मंदिर में पूजा अर्चना कर जीर्णोद्धार के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर उप अभियंता अनुप पाण्डे सहित कालोनीवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मीडिया, सोशल मीडिया एवं आई टी सेल की बैठक सम्पन्न हुई




राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा कार्यालय राजनांदगांव में सोशल मीडिया, मीडिया एवं आईटी सेल की समन्वय बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला महामंत्री सौरभ कोठारी एवं डिकेश साहू ने संगठन की विचारधारा एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने, सोशल मीडिया के सशक्त उपयोग, त्वरित एवं तथ्यपरक संवाद तथा मीडिया समन्वय को और अधिक मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। आईटी सेल में गिन्नी चावला को छत्तीसगढ़ की ओर से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिल्ली बुलाकर सम्मानित किए जाने पर उनका सम्मान भी किया गया। बैठक मे नमो एप, सरल एप के उपयोग की जानकारी भी दी गई। बैठक मे जिला मीडिया प्रभारी अमर लालवानी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी ईशान शर्मा, आईटी सेल से उत्तम टांक ने अपने प्रभार की गतिविधियों एवं आगामी रूपरेखा के बारे मे बताया। संचालन जिला प्रवक्ता रामकुमार गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन सोशल मिडिया प्रभारी मुकेश शर्मा ने किया।

# जिला साहू संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण 25 जुलाई को, रक्तदान शिविर भी होगा आयोजित

**जिला साहू सदन बसंतपुर में सजेगा भव्य मंच, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ प्रतिभावान विद्यार्थियों का होगा सम्मान**

राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ, राजनांदगांव द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 25 जुलाई को जिला साहू सदन बसंतपुर, राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। जिला साहू संघ ने समस्त आजीवन सदस्यों, सभी तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण इकाइयों के पदाधिकारियों तथा साहू समाज के सभी स्वजनों से समारोह में सपरिवार उपस्थित होकर नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करने और आयोजन को सफल एवं भव्य बनाने की अपील की है।

कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12 बजे पूजन एवं अर्चना से होगी। इसके बाद 12.30 से 1.30 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 1.30 से 2 बजे तक अतिथियों का स्वागत एवं नगर के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। 2 से 2.30 बजे तक नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण होगा। इसके पश्चात 2.30 बजे से अतिथियों का उद्बोधन एवं आशीर्वचन का कार्यक्रम आयोजित रहेगा। समारोह के साथ ही समाज सेवा के उद्देश्य से प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक निःशुल्क स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाएगा। जिला साहू संघ ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की है। जिला साहू संघ, राजनांदगांव ने सभी समाजजनों से समय पर उपस्थित होकर समारोह की गरिमा बढ़ाने तथा नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान करने का आग्रह किया है।

# महापौर मधुसूदन यादव ने कंचन बाग में साफ-सफाई एवं निर्माण कार्य का लिया जायजा

**निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने काम में गति लाने के दिये निर्देश**



राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव आज सुबह वार्ड नंबर 30 के कंचन बाग में वार्ड पार्षद चंद्रशेखर लश्करे के साथ पैदल भ्रमण कर साफ सफाई एवं निर्माण कार्य का जायजा लेकर समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उद्यान व सामुदायिक भवन मरम्मत करने स्टीमेंट तैयार करने तकनीकि अधिकारियो से कहा। कंचनबाग में साफ सफाई का जायजा लेकर महापौर श्री यादव ने स्वास्थ्य अमला से कहा कि बारिश में मौसमी बीमारी को देखते हुए साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। पानी भरान क्षेत्र के नालियों की समुचित सफाई हो, गड्ढे में भरे जल निकासी के लिए कच्ची नाली खोद निकासी कराए, समय समय पर दवाई का छिडकाव करे। उन्होंने कंचनबाग वासियों से रूबरू हो कहा कि घर के आस पास साफ सफाई रखे, घर में ही गिला सुखा कचरा अलग कर स्वच्छता दीदीयो को देवे, मौसमी बीमारी डेंगू, मलेरिया से बचने एतियात बरते। निर्माण कार्य निरीक्षण की कडी में कंचनबाग में निर्माणाधीन अन्नपूर्णा सामुदायिक भवन का जायजा लेकर कार्य में गति लाकर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तकनीकि अधिकारियो से कहा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की सतत मानिटरिंग करे। जिससे समय सीमा में भवन पूर्ण हो और उसका लाभ क्षेत्रवासियो को मिल सके। कंचनबाग की महिलाओ द्वारा सामुदायिक भवन एवं उद्यान मरम्मत की मांग पर महापौर श्री यादव ने अधिकारियों से दोनो का मरम्मत कराने स्टीमेंट तैयार करने कहा।

## कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव (छग)

।। विज्ञाप्ति ।।

क्र. 417/राजस्व/नामांतरण/2026-27 (कर निर्धारिण पंजी के स्वामित्व खाने में नाम परिवर्तन हेतु) राजनांदगांव दिनांक 20/07/2026

| स.क्र. | प्र.क्र. | आवेदक का नाम/ पिता पति का नाम | पता | भवन एवं भूमि | विक्रेता का नाम (वर्तमान स्वामी) | हस्तांतरण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 66 | श्री प्रकाश सिन्हा आ. स्व. श्यामलाल सिन्हा, वा.नं. 29 कैलाशनगर | वार्ड नं. 29 | भवन | कलेक्टर, राजनांदगांव | रजिस्ट्री |
| 2 | 85 | श्री रसविंदर सिंह गिल आ. श्री जर्नल सिंह. आर. के. नगर स्टेडियम वा.नं. 22 राज. | वार्ड नं. 22 | भूमि | श्री नरेशचंद बैद आ. स्व. श्री भंवरलाल बैद सदर बाजार राज. | रजिस्ट्री |
| 3 | 87 | श्रीमती सुनीता सोनकर पति श्री डेरहू सोनकर भरकापारा वा.नं. 27 राज. | वार्ड नं. 27 | भवन | श्रीमती पुष्पा देवी जैन पति श्री चंपालाल जैन प्रियदर्शिनी रायपुर, (छ.ग.) | रजिस्ट्री |
| 4 | 95 | श्री प्रकाश कुमार वर्मा आ. श्री बंशीलाल वर्मा प्रेस क्लब कालोनी वा.नं. 46 बसंतपुर | वार्ड नं. 46 | भूमि | प्रेस क्लब गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. राज., उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार देवांगन आ बंशीलाल देवांगन एकता चौक, ममता नगर, राज. | रजिस्ट्री/ पट्टा |
| 5 | 101 | श्रीमती पुष्पलता राजपूत पिता श्री शंकर ध.प. श्री बलवंत राजपूत शंकरपुर वा.नं. 9 राज. | वार्ड नं. 09 | भवन | श्रीमती सुकमत्रा बाई पति श्री शंकर राजपूत शंकरपुर, राज. (छ.ग.) | दानपत्र |
| 6 | 103 | श्री राजाराम साहू आ. श्री ठाकुरराम साहू, कुंआ चौक लखोली वा.नं. 35 राज. | वार्ड नं. 35 | भवन | स्व. श्री ठाकुर राम साहू आ. स्व. श्री लक्ष्मण साहू, लखोली वा.नं. 35 राज. | फौती नामांतरण |
| 7 | 104 | श्री खेलावन सिंह वर्मा पिता स्व. श्री सोनूराम वर्मा म.क. 506 उत्सव टाउन क्लब चौक बसंतपुर वा.नं. 43 | वार्ड नं. 43 | भवन | श्रीमती श्वेता दामले सिंग पिता श्री सुधाकर राव दामले पति श्री अजय सिंह राजपूत उत्सव टाउन बसंतपुर राज. | रजिस्ट्री |
| 8 | 106 | श्री गजेन्द्र डोंगरे पिता श्री दरियाव डोंगरे, मकान क्र. बी-8, नेहरू नगर वा.नं. 14 राज. | वार्ड नं. 14 | भवन | श्री दरियाव डोंगरे पिता श्री बालाराम डोंगरे, म.क्र. 183, शारदा चौक शंकरपुर,वा.नं. 7 राज. | दानपत्र |
| 9 | 107 | श्री शीलादित्य श्रीवास्तव, अशोकादित्य, कमलादित्य, रेवादित्य श्रीवास्तव आ. स्व. श्री आदित्यप्रसाद, किल्लापारा वा.नं. 24 कालेज रोड | वार्ड नं. 24 | भवन | अपर कलेक्टर, राजनांदगांव (छ.ग.) | नजूल पट्टा |
| 10 | 109 | श्री दीपक अग्रवाल पिता श्री लक्ष्मीचंद अग्रवाल, दुर्गा चौक छुट्टन होटल के बाजू, वा.नं. 39 | वार्ड नं. 39 | भवन दुकान | श्री धनुक लाल देवांगन पिता श्री लीलाराम देवांगन साई. दर्शन, जीवन ए कालोनी वा नं. 45 राज. | रजिस्ट्री |
| 11 | 110 | श्री हेमंत ठक्कर, भाविल ठक्कर, हिरल ठक्कर, अनुपम नगर स्टेडियम वा.नं. 33 राज. आ. श्री सुंदर ठक्कर | वार्ड नं. 22 | भवन | श्री मनोहर तलरेजा पिता श्री इन्द्रजीत सिंह तलरेजा गली नं. 02, लालबाग सिंधी कालोनी वा.नं. 24 राज. | रजिस्ट्री |
| 12 | 111 | श्रीमती प्रीति अग्रहरि पति श्री मुकेश अगहरि, ब्राम्हणपारा दिग्विजय वा.नं. 38 राज. | वार्ड नं. 38 | भूमि | श्री अमित झा, आकाश झा पिता श्री इन्दुकांत झा. गोल चौक के पास रोहनीपुरम महाकौशल समिति के बाजू में, रायपुर (छ.ग.) | रजिस्ट्री |
| 13 | 112 | श्रीमती तामेश्वरी रावटे ध.प. श्री होरीलाल रावटे, जीवन कालोनी वा.नं. 45 राज. | वार्ड नं. 45 | भवन | श्री मुकेश कुमार आ. श्री झाडूराम ठाकुर पो हड़गहन, तह. डौण्डीलोहारा, जिला दुर्ग | रजिस्ट्री |
| 14 | 113 | श्रीमती कविता जैन ध.प. श्री राजू जैन खैरागढ़ रोड, चिखली वा.नं. 5 राज. | वार्ड नं. 05 | भवन दुकान | श्री सुनील कुमार पंजवानी आ. श्री आयालदास पंजवानी, चौखड़ियापारा, वा.नं. 36 राज. | रजिस्ट्री |
| 15 | 114 | श्री अंशुल मिश्रा आ. श्री राजेश कुमार मिश्रा नया बायपास रोड वा.नं. 33 राज. | वार्ड नं. 33 | भूमि | श्रीमती सुलभ गुप्ता ध. प. श्री सुरेन्द्र गुप्ता, ममतानगर, वा.नं. 17 राज. | रजिस्ट्री |
| 16 | 117 | श्री रामानंद साहू पिता श्री झगरू साहू श्लोका ग्रीन्स चिखली वा.नं. 5 राज. प्लाट नं. ए 29 | वार्ड नं. 5 | भूमि | पायोनियर होम्स पार्टनर श्री मनीष रीझवानी आ. स्व. श्री प्रतापलाल रीझवानी, सडडू, रायपुर | रजिस्ट्री |
| 17 | 118 | श्री अहमद बेग आ. रहमत बेग जनता कालोनी रघुवर मार्ग वा.नं. 31 राज. | वार्ड नं. 31 | भूमि | श्री युसुफ सिराज निशानवाला आ. सिराज अब्दुल्ला निशानवाला मु.आम श्री हुनैफा दरगहवाला आ. श्री अली असगर दरगहवाला, केशरनगर वा.नं. 30 राज. | रजिस्ट्री |
| 18 | 119 | श्रीमती शकीला बानो तिगाला ध.प. श्री शमीम तिगाला, पुराना कांजी हाउस के पास हीरामोती वा.नं. 39 राज. | वार्ड नं. 39 | भूमि | श्रीमती तमीजा बेगम ध.प. श्री अहमद बेग करीम बानो पुत्री श्री नवाब खान कुले बाजार, नागपुर, महाराष्ट्र | रजिस्ट्री |
| 19 | 120 | श्रीमती प्राप्ति शर्मा पति श्री शुभांशु तिवारी जनता कालोनी, रघुवर मार्ग, वा. नं. 31 राज. | वार्ड नं. 31 | भूमि | श्रीमती इन्दरपाल नरूला पति श्री अरविंद नरूला मु. आम अरविंद सिंह नरूला पिता श्री मनमोहन सिंह नरूला, शंकर नगर, रायपुर | रजिस्ट्री |
| 20 | 121 | श्रीमती जाली भट्टाचार्य ध.प. श्री गौतम भटटाचार्य जीवन ए कालोनी, रामकृष्णा वा.नं. 45 राज. | वार्ड नं. 45 | भवन | श्रीमती वंदना देवी बैद ध.प. स्व. श्री राजकुमार बैद आम मु. श्री किशोर कुमार बैद आ. श्री भंवरलाल बैद वर्धमान नगर वा.नं. 19 राज. | रजिस्ट्री |
| 21 | 125 | श्रीमती किरण निखिल रामटेके पति श्री निखिल रामटेके, श्लोका ग्रीन्स भूखण्ड क्र. ई-12, वा.नं. 5 चिखली राज. | वार्ड नं. 5 | भूमि | पायोनियर होम्स पार्टनर श्री मनीष रीझवानी आ. स्व. प्रतापलाल रीझवानी आम मुख्त्यार श्री रोमिल पंजवानी आ. श्री अनिल पंजवानी लालबाग राज. | रजिस्ट्री |

उपरोक्त परिवर्तन के संबंध में हित रखने वाले किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर निगम कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के भीतर आपत्ति प्रस्तुत न होने पर आवेदक का नाम नगर पालिक निगम राजनांदगांव के कर निर्धारण पंजी पर नामांकित कर दिया जावेगा। आपत्ति प्रस्तुत करते समय प्रकरण क्रमांक का उल्लेख अवश्य करें।

आ.क्र.64/जनसंपर्क/2026

आयुक्त
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

## ईश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदिका द्रोपती बाई पिता-धनाजीराम पति - चन्द्र भुवन जाति-गोंड निवासी - गर्रापार मकान नं 15, तह-अं.चौकी, जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी (छ.ग.) पिन नं. 491668 का निवासी हूं। जो कि मेरे नाम से ग्राम साल्हे कुसुमकसा तह. अं.चौकी, प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. चिल्हाटी, जिला- मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.) में स्वामी हक की कृषि भूमि स्थित है। उक्त भूमि में नाम के स्थान पर अभरन ABHARAN अंकित है, उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी आधार कार्ड व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर द्रोपती बाई Dropti Bai अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिये राजस्व रिकार्ड में अभरन ABHARAN अंकित है। उसे सुधार करवाकर द्रोपती बाई Dropti Bai अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं। जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

**स्थान:-अं.चौकी, दिनांक:-20/07/2026**

आवेदक
**द्रोपती बाई**
कास्तकार, ग्राम - साल्हे कुसुमकसा
तह. अं.चौकी, जिला- मो.मा.अं.चौकी

## ईश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै रामकिशोर नांदेश्वर पिता-टीकाराम नांदेश्वर जाति - महार, निवासी - ढ़ाढूटोला मकान नं. 320, वार्ड नं. 19 तह-अं.चौकी जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी (छ.ग.) पिन नं. 491668 का निवासी हूं। जो कि मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा पेन कार्ड एवं अंकसूची, ड्रायविंग लायसेंस जारी किया गया है जिसमें नाम के स्थान पर RAMKISHOR KESHRIYA S/o TIKA RAM KESHRIYA अंकित है, उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड, भारत निर्वाचन आयोग का परिचय पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर रामकिशोर नांदेश्वर पिता - टीकाराम नांदेश्वर Ram kishor Nandeshwar S/o Tikaram Nandeshwar अंकित है। उक्त नाम सही हैं। इसलिये राजस्व रिकार्ड में RAMKISHOR KESHRIYA S/o TIKA RAM KESHARIYA अंकित है। उसे सुधार करवाकर रामकिशोर नांदेश्वर पिता - टीकाराम नांदेश्वर Ramkishor Nandeshwar S/o Tikaram Nandeshwar अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं। जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

**स्थान:-अं.चौकी, दिनांक:-20/07/2026**

आवेदक
**रामकिशोर नांदेश्वर**
कास्तकार ग्राम - ढाढूटोला
तह. अं.चौकी, जिला- मो.मा.अं.चौकी

## ईश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदिका ईश्वरी बाई यादव पिता-नंदू पति - रमेश कुमार यादव जाति-यादव, निवासी ग्राम-लाल बहादुर नगर, तह. डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ. ग.)। पिन नं. 491557 का निवासी हूं। जो कि मेरे नाम से ग्राम गोर्राटोला, तह. अं.चौकी, प.ह.नं. 28, रा.नि.मं. आतरगांव, जिला - मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.) में स्वामी हक की कृषि भूमि स्थित है। उक्त भूमि में नाम के स्थान पर लताबाई LATA BAI अंकित है, उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी आधार कार्ड व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर ईश्वरी बाई यादव जिसमें नाम के स्थान पर ISHWARI BAI YADAV अंकित है। उक्त नाम सही हैं। इसलिये राजस्व रिकार्ड में लता बाई LATA BAI अंकित है। उसे सुधार करवाकर ईश्वरी बाई यादव ISHWARI BAI YADAV अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं। जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

**स्थान:-अं.चौकी, दिनांक:-20/07/2026**

आवेदिका
**ईश्वरी बाई यादव**
कास्तकार ग्राम - गोर्राटोला
तह.-अं.चौकी, जिला- मो.मा.अं.चौकी

## आम सूचना

शपथकर्ताः- विनोद कुमार पिता श्री बंशीलाल सोनकातर निवासी-म.नं. 08, दिग्विजय क्लब परिसर, पुरानी सिविल लाईन, वार्ड नं. 13, शहर, तह. व जिला राजनांदगांव छ.ग. का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करता हूं:-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।

2. यह कि, मुझ शपथकर्ता के कक्षा दसवीं के अंकसूची में मेरे पिता जी का नाम BANSI LAL SONKATAR दर्ज है। एवं मुझ शपथकर्ता के आधार कार्ड, पेन कार्ड व मतदाता परिचय पत्र में नाम BANSHI LAL SONKATAR है।

3. यह कि, उपरोक्त दर्शित दोनों ही नाम BANSI LAL SONKATAR एवं BANSHI LAL SONKATAR एक ही व्यक्ति मेरे पिता जी का ही नाम है जो कि सत्य एवं सही है।

4. यह कि, मेरे द्वारा किसी भी तथ्य को नहीं छुपाया गया है। यदि भविष्य में गलत जानकारी पाई जाती है तो उसकी जिम्मेदारी मुझ शपथकर्ता की होगी।

अतः उक्त आशय में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
**विनोद कुमार**
पिता श्री बंशीलाल सोनकातर
निवासी-म.नं. 08, दिग्विजय क्लब परिसर, पुरानी सिविल लाईन, वार्ड नं. 13, शहर, तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

## ईश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक व्यास कुमार रामटेके पिता विजय कुमार रामटेके जाति- महार निवासी ग्राम- अरजकुंड मकान नं.134, वार्ड नं. 01, तह. अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर अं. चौकी (छ. ग.) पिन नं. 491665 का निवासी हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है। जिसमें नाम के स्थान पर Vyas Kumar अंकित है। उक्त नाम गलत है। परंतु मेरे स्वयं के नाम से जारी अंकसूची अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर BYAS KUMAR RAMTEKE अंकित है, उक्त नाम सही है। इसलिये आधार कार्ड मेरे पुत्र के नाम के स्थान पर Vyas Kumar अंकित है, उसे सुधार करवाकर BYAS KUMAR RAMTEKE अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं। जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

**स्थान:-मोहला, दिनांक:-09/07/2026**

आवेदक
**व्यास कुमार रामटेके**
निवासी ग्राम - अरजकुंड
तह. अं.चौकी, जिला- मो.मा.अं.चौकी

## ईश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक अरूण कुमार पिता-श्याम लाल यादव जाति-यादव, निवासी ग्राम-केकतीटोला मकान नं.31, वार्ड नं. 03, तह. अं.चौकी जिला-मोहला मानपुर अं. चौकी (छ. ग.)। पिन नं. 491665 का निवासी हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है। जिसमें नाम के स्थान पर अरूण श्यामलाल चौबे ARUN SHYAMLAL CHOUBE अंकित है, उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी निर्वाचन परिचय पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर अरूण कुमार पिता - श्यामलाल यादव ARUN KUMAR S/o SHYAMLAL YADAV अंकित है। उक्त नाम सही हैं। इसलिये आधार कार्ड में अरूण श्यामलाल चौबे ARUN SHYAMLAL CHOUBE अंकित है। उसे सुधार करवाकर अरूण कुमार पिता - श्यामलाल यादव ARUN KUMAR S/o SHYAMLAL YADAV अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं। जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

**स्थान:-अं.चौकी, दिनांक:-20/07/2026**

आवेदक
**अरूण कुमार**
निवासी ग्राम- केकतीटोला
तह. अं.चौकी, जिला- मो.मा.अं.चौकी

## शुभांक

बी. के.
2-4-0
599-3 579-1
राजधानी
3-4-7
360-9 114-6

अनुमानित

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक







# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से राजनांदगांव को बनाएंगे प्रदेश में अग्रणी - विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह





### 0 विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सूर्यसभा एवं शून्य बिजली बिल वाले हितग्राहियों के सम्मान समारोह में हुए शामिल

### 0 विधानसभा अध्यक्ष ने सूर्यसभा में शून्य बिजली बिल वाले हितग्राहियों को किया सम्मानित

### 0 जिले में 1200 से अधिक घरों का हो गया बिजली बिल शून्य

### 0 जिले में 4 हजार 117 से अधिक घरों के छत पर लगा रूफटॉप सोलर प्लांट

### 0 50 प्रतिशत घरों में सोलर पैनल लगाने वाले वार्ड एवं ग्राम पंचायत को अतिरिक्त 10 लाख रूपए के विकास कार्यों की घोषणा

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में आयोजित प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सूर्यसभा एवं शून्य बिजली बिल वाले हितग्राहियों के सम्मान समारोह में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत शून्य बिजली बिल प्राप्त करने वाले शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा जिलेवासियों से अधिक से अधिक सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित कर स्वच्छ एवं निःशुल्क ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़े की अपील की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना केवल बिजली बचत की योजना नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में सूर्य को ऊर्जा और जीवन का स्त्रोत माना गया है। आज आधुनिक तकनीक के माध्यम से सूर्य की यही ऊर्जा प्रत्येक घर को रोशन कर रही है। उन्होंने कहा कि सोलर पैनलों के नियमित रखरखाव करने से उनकी कार्यक्षमता बनी रहती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत एक किलोवाट क्षमता के संयंत्र पर 45 हजार रूपए, 2 किलोवाट पर 90 हजार रूपए तथा 3 किलोवाट क्षमता पर एक लाख 8 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। शेष राशि के लिए बैंकों के माध्यम से आसान वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बताया कि राजनांदगांव जिले के लिए 13 हजार 500 सोलर संयंत्र स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 8 हजार 300 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं तथा 4 हजार 117 हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया जा चुका है। इनमें 1200 से अधिक उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य हो गया है। उन्होंने कहा कि यह जिले के लिए गर्व का विषय है तथा आने वाले महीनों में राजनांदगांव को इस योजना के क्रियान्वयन में प्रदेश का अग्रणी जिला बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोयले से बिजली उत्पादन के कारण कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है। जिससे जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर चुनौतियां सामने आ रही हैं। ऐसे समय में सौर ऊर्जा स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल विकल्प है। सौर ऊर्जा के अधिकाधिक उपयोग से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने जनप्रतिनिधियों से अभियान के रूप में योजना का प्रचार-प्रसार करने कहा। उन्होंने कहा कि जिस नगर निगम वार्ड के 50 प्रतिशत घरों में सोलर संयंत्र स्थापित हो जाएंगे, उस वार्ड को 10 लाख रूपए के अतिरिक्त विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार जिस ग्राम पंचायत के 50 प्रतिशत घरों में सोलर संयंत्र लगाए जाएंगे, उस ग्राम पंचायत को भी 10 लाख रूपए के अतिरिक्त विकास कार्यों की स्वीकृति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, पत्रकार, सामाजिक संगठन तथा योजना से लाभान्वित हितग्राही स्वयं इस योजना के ब्रांड एम्बेसडर बनकर अधिक से अधिक लोगों को सोलर अपनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से राजनांदगांव प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ का अग्रणी जिला बनेगा।

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि नगर निगम, विद्युत विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में योजना का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों का बिजली बिल शून्य हो गया है। वे अपने अनुभव साझा कर अन्य लोगों को भी योजना से जोडने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के लगभग 44 हजार मकानों में इस वित्तीय वर्ष के दौरान अधिक से अधिक सोलर संयंत्र स्थापित कराने का लक्ष्य रखा गया है। इससे न केवल बिजली बिल में बचत होगी। बल्कि पर्यावरण संरक्षण और तापमान नियंत्रण में भी सकारात्मक योगदान मिलेगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी योजना है। उन्होंने कहा कि शून्य बिजली बिल प्राप्त करने वाले हितग्राही समाज के लिए प्रेरणा बनेंगे। उन्होंने बताया कि वे स्वयं भी अपने गांव में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के सहयोग से लोगों को सोलर संयंत्र लगाने के लिए प्रेरित कर रही हैं तथा स्वयं भी शीघ्र सोलर संयंत्र स्थापित करेंगी।

पद्मश्री श्रीमती फूलबासन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस जनहितैषी योजना की सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन, विद्युत विभाग एवं सभी संबंधित विभागों के संयुक्त प्रयासों से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार नीर और नारी अभियान जनसहभागिता से सफल हुआ। उसी प्रकार प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना भी जनआंदोलन बनेगी। उन्होंने स्वयं अपने घर में सोलर संयंत्र स्थापित करने की बात कही। उन्होंने सभी नागरिकों से इस योजना का लाभ लेने का आग्रह किया।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पिछले आठ माह से विशेष अभियान चलाकर गांव-गांव और शहरों में शिविर आयोजित किए गए। जिससे योजना की प्रक्रिया को सरल बनाया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार के लिए ऊर्जा सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है और सौर ऊर्जा अपनाकर नागरिक आगामी 24-25 वर्षों तक बिजली बिल के खर्च से मुक्त हो सकते हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा तीन किलोवाट तक के संयंत्र पर 1 लाख 8 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। जिससे आम नागरिकों को बड़ा आर्थिक लाभ मिल रहा है।

कलेक्टर ने कहा कि सौर ऊर्जा का उपयोग केवल परिवार की बचत तक सीमित नहीं है। बल्कि यह देश की ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों के घरों में सोलर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। उनका बिजली बिल शून्य हो गया है और कई हितग्राही अतिरिक्त बिजली ग्रिड में देकर आय भी अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने ग्राम मुसरा की एक महिला हितग्राही का उदाहरण देते हुए बताया कि पहले उनका मासिक बिजली बिल 4 से 5 हजार रुपए आता था, जबकि सोलर संयंत्र लगने के बाद अब उनका बिजली बिल शून्य हो गया है और अगले 25 वर्षों में लगभग 15 से 16 लाख रूपए की बचत होगी। जिसका उपयोग परिवार की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यकताओं में किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राजनांदगांव जिला प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में प्रदेश में पांचवें स्थान पर है। जबकि जिले में इससे कहीं अधिक संभावनाएं हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अपने आसपास के लोगों को योजना से जोड़ने की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से अगले एक वर्ष में जिले में 20 हजार सोलर कनेक्शन स्थापित करने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यक्रम में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से प्राप्त लाभों की जानकारी साझा की। हितग्राहियों ने बताया कि सोलर संयंत्र स्थापित होने के बाद उनका बिजली बिल शून्य हो गया है तथा अतिरिक्त बिजली उत्पादन से भविष्य में आय अर्जित करने का अवसर भी प्राप्त होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, संतोष अग्रवाल, रमेश पटेल, सौरभ कोठारी, जनपद पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास श्रीमती पूर्णिमा साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, विधायक प्रतिनिधि रूपचंद भीमनानी, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय, एसडीएम राजनांदगांव श्रीकांत कोर्राम, विद्युत विभाग के अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।

# लापरवाही से गई महिला मजदूर की जान, आरोपी डॉक्टर को 6 माह की कैद और जुर्माना

### निर्माणाधीन नर्सिंग होम की छत ढहने का मामला : फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुनाया फैसला, सह-आरोपी पत्नी दोषमुक्त

राजनांदगांव (दावा)। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट, राजनांदगांव 'विजय कुमार साहू द्वारा माह दिसंबर 2020 में राजनांदगांव शहर के महेश नगर स्थित निर्माणाधीन नर्सिंग होम के छत की ढलाई के दौरान छत ढह जाने से मलबे में दबकर एक महिला की हुई मृत्यु एवं तीन अन्य श्रमिकों को आई चोंट, अभियुक्त डॉ. अमोलक जैन पिता स्व. मोतीलाल सिंधी, उम्र 51 वर्ष, निवासी चौखड़िया पारा, वार्ड नंबर 37, थाना बसंतपुर के लापरवाही, उपेक्षा एवं उत्तावलेपूर्वक कार्य के परिणामस्वरूप होने का दोषी मानते हुये अपराध साबित पाये जाने पर अभियुक्त डॉ. अमोलक जैन को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 304ए के अपराध के लिये 06 (छः) माह का साधारण कारीवास एवं एक हजार रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास एवं धारा 337 (तीन बार) भारतीय दण्ड संहिता के अपराध के लिये पांच-पांच सौ रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में क्रमशः 15-15 दिन के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा से दण्डित किये जाने का दण्डादेश पारित किया गया है। प्रकरण की अभियुक्ता डॉ. विजयश्री जैन के विरूद्ध अपराध साबित नहीं पाये जाने पर उन्हें दोषमुक्त किया गया है।

मामले में छ.ग. शासन की ओर से पैरवी करने वाले फास्ट ट्रेक कोर्ट के अतिरिक्त लोक अभियोजक, फास्ट ट्रैक कोर्ट अरूण कुमार गुप्ता ने बताया कि गत 15 दिसम्बर 2020 को आरोपी डॉ. अमोलक जैन एवं उनकी पत्नि अभियुक्ता डॉ. विजयश्री जैन के द्वारा अपने महेश नगर स्थित निर्माणाधीन नर्सिंग होम के छत की ढलाई कराई जा रही थी। जिसमें ज्योति साहू, कमल सिंह, लोमन सिंह ठाकुर, राजेश ठाकुर, ईश्वरी साहू व अन्य मजदूरों को जयस्तंभ चौक से लाया गया था। सेंट्रिंग प्लेट, बल्ली बांधने का काम अधूरा था जिसके संबंध में आरोपी डॉ. अमोलक जैन को बताया गया कि, यहां ढलाई करवाओगे तो दुर्घटना हो जाएगी, किसी की जान चली जाएगी फिर भी डॉ. अमोलक जैन ने काम जल्दी कराने के लिये जानबुझकर ढलाई का काम शुरू करवा दिया। ढलाई का काम आधा हुआ था तभी सेटिंग, बल्ली व छज्जा नीचे गिर गया जिससे ज्योति साहू की मौके पर मृत्यु हो गई और कमल सिंह, लोमन लाल ठाकुर, राजेश ठाकुर, ईश्वरी साहू कों चोंट आई। आरोपीगण के द्वारा उक्त कार्य के लिए कोई इंजीनियर या तकनीकी विशेषज्ञ नहीं रखा गया था तथा नगर पलिक निगम, राजनांदगांव द्वारा जारी भवन निर्माण अनुज्ञा के आदेश का उल्लंघन किया गया।

मृतिका के पति प्रार्थी योगदास साहू की सूचना पर थाना बसंतपुर द्वारा मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया था तथा प्रकरण के संपूर्ण जांच उपरान्त भारतीय दण्ड विधान की धारा 288, 337, 304, 188, 84 के तहत् अभियोग पत्र विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। संपूर्ण विचारण उपरान्त प्रकरण में आये साक्ष्य व दस्तावेज के आलोक में माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 304 एवं धारा 337 (तीन बार) के आरोपों से दोष मुक्त किया गयां है। लेकिन डॉ. अमोलक जैन के विरूद्ध धारा 304 ए एवं 337 (तीन बार) का आरोप प्रमाणित पाया गया। माननीय न्यायालय द्वारा पाया गया कि, अभियुक्त डॉ. अमोलक जैन ने अत्यंत लापरवाही एवं उपेक्षापूर्वक कार्य कर एक व्यक्ति की मृत्यु एवं तीन व्यक्तियों को उपहतिकारित किया है। आरोपी के उपेक्षा एवं उतावलेपूर्वक कार्य से एक महिला श्रमिक ज्योति साहू की मृत्यु कारित हुई है। परिणामस्वरूप माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी डॉ. अमोलक जैन को उपरोक्तानुसार दण्डित किया गया है।

# वार्षिक पुण्यतिथि पर श्रीमती वीणा सिंह ने स्व. अन्नपूर्णा देवी सिंह को दी श्रद्धांजलि, विद्यालय पहुंचकर की पूजा-अर्चना

### संस्कार भवन में तैलचित्र पर अर्पित किए श्रद्धासुमन, श्री राम दरबार मंदिर में किया भगवान शिव का विशेष अभिषेक



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती वीणा सिंह ने सोमवार को राजनांदगांव प्रवास के दौरान पूजनीय मां स्व. श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह (धर्मपत्नी स्व. लाल शंकर बहादुर सिंह) की वार्षिक पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पुण्यतिथि के विशेष अवसर पर श्रीमती वीणा सिंह सिंह परिवार के लालबाग स्थित निवास संस्कार भवन पहुंचीं। वहां उन्होंने स्व. अन्नपूर्णा देवी सिंह के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान वे मां जी के साथ बिताए गए पुराने पलों को याद कर भावुक हो उठीं। उन्होंने डॉ. जयंत बहादुर सिंह और संजय बहादुर सिंह की पूज्य माताजी के योगदान और उनके स्नेह का सादर स्मरण किया।

### श्रीराम दरबार मंदिर में किया भगवान शिव का अभिषेक

निवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात श्रीमती वीणा सिंह रायल किड्स कॉन्वेंट स्कूल परिसर स्थित श्रीराम दरबार मंदिर पहुंचीं। सोमवार के शुभ संयोग पर उन्होंने परिवार के सदस्यों– संजय बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, इला सिंह और शिविका सिंह के साथ मिलकर भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से अभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर दर्शन के बाद श्रीमती वीणा सिंह ने विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से आत्मीय मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्षा डॉ. सविता जेबी सिंह से फोन पर बात कर उनका हालचाल जाना तथा शाला परिसर में मां जी अन्नपूर्णा देवी सिंह, पप्पाजी लाल शंकर बहादुर सिंह एवं शाला संस्थापक डॉ. जे.बी. सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। विशेष रूप से, श्रीमती वीणा सिंह ने विगत दिनों राजकुमार कॉलेज रायपुर में आयोजित प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शाला के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बरगाही कपड़ा दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपी पकड़ाये




राजनांदगांव (दावा)। सुकुल दैहान पुलिस चौकी द्वारा अपने चौकी क्षेत्र के ग्राम बरगाही स्थित कपड़ा दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस ने उन आरोपियों को गिरफतार कर जेल की सलाखों में भेज दिया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि 18 जुलाई शनिवार को प्रार्थी शिव कुमार मंडावी निवासी ग्राम डीलापहरी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 302/2026 धारा 305(ए), 331 (4), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

पकड़े गए आरोपियों का नाम ओम उर्फ लक्की देवांगन पिता राजू उर्फ रमेश देवांगन उम्र 19 साल निवासी ग्राम बरगाही हाल पता वार्ड नं 10 शांतिनगर छोटे तालाब के पास तथा योगेश यादव उर्फ दाव स्व. कंस यादव उम्र 19 साल निवासी वार्ड नं. 10 शांतिनगर छोटे तालाब के पास ओपी चिखली है।

# दिल्ली के तर्ज पर छात्र-छात्राओं ने मानव मंदिर चौक में किया प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। काकरोच जनता पार्टी द्वारा नीट पेपर लीक मामले को लेकर जिस तरह दिल्ली में प्रदर्शन किए और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की उसी तरह शहर के छात्र-छात्राओं ने जुलूस निकाल कर मानव मंदिर चौक में जमकर प्रदर्शन किए और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं रिप मोदी जी और महात्मा गांधीजी का पोस्टर बैनर लहराते हुए शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो के नारे गुंजायमान कर रहे थे। इस अवसर पर मानव मंदिर चौक में छात्र-छात्राओं का हुजूम रहा।

# गुजराती स्कूल में मनाया गया 'ग्रीन डे'

### नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां, प्राचार्या सुषमा शुक्ला बोलीं- प्रकृति संरक्षण ही भावी पीढ़ी का सुरक्षा चक्र



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय गुजराती शाला में शनिवार को 'ग्रीन डे' का आयोजन अत्यंत उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा दूसरी तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने हरे रंग की आकर्षक वेशभूषा पहनकर उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर समूचे विद्यालय परिसर को हरे रंग के गुब्बारों, आकृतियों और सुंदर सजावट से सजाया गया। जिससे चारों ओर प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण का वातावरण निर्मित हुआ।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन, टिफिन में भी दिखा हरा रंग

कार्यक्रम के दौरान नन्हे विद्यार्थियों ने हरे रंग (हरियाली) पर आधारित कविताएं, गीत, मनमोहक नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। शिक्षकों ने खेल-खेल में बच्चों को पेड़-पौधों का महत्व, पर्यावरण संतुलन तथा स्वच्छ-हरित वातावरण बनाए रखने की सीख दी। विशेष बात यह रही कि बच्चे अपने टिफिन में भी हरे रंग के पौष्टिक खाद्य पदार्थ लेकर पहुंचे। जिससे स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का सुंदर संदेश प्रसारित हुआ।

### संस्कार और प्रकृति प्रेम विकसित करते हैं ऐसे आयोजन : प्राचार्या

विद्यालय की प्राचार्या सुषमा शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के रचनात्मक आयोजन बच्चों में कम उम्र से ही प्रकृति के प्रति प्रेम, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और अच्छे संस्कार विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम सभी का कर्तव्य है कि हम भावी पीढ़ी को एक स्वच्छ और हरित ग्रह सौंपें। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के साझा प्रयासों की सराहना करते हुए सभी से अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपप्राचार्या अर्पणा श्रीवास्तव, शाला अध्यक्ष विनय पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारिणी सदस्य सूरज बुद्धदेव एवं पीयूष पटेल सहित शाला परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में सभी विद्यार्थियों ने पर्यावरण की रक्षा और हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया।

# जिला चिकित्सालय में आज से लागू होगा 'ड्रेस कोड', डॉक्टरों से लेकर सफाईकर्मियों तक के लिए गणवेश अनिवार्य

राजनांदगांव (दावा)। शहर के बंसंतपुर स्थित जिला चिकित्सालय में आज दिनांक से ड्रेस कोड अनिवार्य कर दिया गया है। अब डाक्टरों से लेकर नर्सेज, वार्ड ब्वाय, स्वास्थ्य कर्मियों,सफाई कर्मचारी व ड्राइवरों को ड्रेस पहनकर आना जरूरी हो गया है। अवहेलना करने पर कार्रवाई की जा सकती हैं। बता दें कि डाक्टरों से लेकर अस्पताल संबंधी सभी कर्मचारियों का ड्रेस कोड निर्धारित है लेकिन उक्त ड्यूटी के समय इस ड्रेस कोड का पालन नहीं किया जाता। इससे नियम की अवहेलना हो रही है। इस पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा विशेष ध्यान देते हुए 20 जुलाई से निर्णय लेते हुए डाक्टर से लेकर सभी अस्पताल कर्मियों के लिए ड्यूटी में ड्रेस पहनकर कर आना अनिवार्य कर दिया गया है। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि जिला चिकित्सालय में लगभग 40 डाक्टर कार्यरत हैं, लेकिन कोई भी डाक्टर ड्रेस कोड का पालन नहीं करते। अपने मन मर्ज़ी का ड्रेस पहन कर ड्यूटी पर आते हैं। इससे न केवल अनुशासन भंग होता है पेशे की गरिमा भी प्रभावित होती है।

### एप्रिन पहनने से परहेज़ करते हैं डॉक्टर

डॉक्टरों को सिर्फ अपने कपड़ों के उपर एप्रिन ही पहननी होती है पर न जाने क्यूं उससे भी परहेज़ करते हैं। यदि डाक्टर ही अस्पताल में ड्रेस कोड को फालो करना शुरू कर दें तो हरेक कर्मी अपने ड्रेस में नजर आएंगे। बताया जाता है कि अस्पताल में 40 के लगभग नर्सें है। उनका व्हाइट ड्रेस तो दिखाई देता है। ओटी में ड्यूटी करने वाली नर्सो का ग्रीन ड्रेस तो बाकी का ब्ल्यू ड्रेस कोड निर्धारित है। इसी तरह 25 के लगभग वार्ड व्वाय के सफेद ड्रेस, चपरासी के खाकी ड्रेस है। स्वीपर का नीला ड्रेस निर्धारित है लेकिन कोई भी अपने ड्रेस में ड्यूटी आना पसंद नहीं करते। यहां तक कि अस्पताल का वाहन चलाने वाले ड्राइवर भी अपने लिए निर्धारित ड्रेस पहनकर कर आना जरूरी नहीं समझते। जबकि इन कर्मियों की ड्रेस की धुलाई के लिए पैसे निकलते हैं। हास्पीटल के डाक्टरो से लेकर नर्सेज, सफाई कर्मचारी उक्त धुलाई के हर माह ले लेते हैं लेकिन ड्यूटी में ड्रेस पहनकर कर आना गवारा नहीं समझते। अब इन पर सब के लिए निर्धारित ड्रेस पहनकर ड्यूटी में आना अनिवार्य कर दिया गया है। नहीं आने पर उन पर कार्रवाई की गाज गिर सकती है।



### नियम तोड़ा तो होगी कड़ी कार्रवाई, स्टाफ नर्स से दुर्व्यवहार मामले में आरोपी डॉक्टर की आज जांच समिति के सामने पेशी

कहा जाता है कि अनुशासन ही व्यक्ति को महान बनता है। अस्पताल से संबंधित लोग महान न बने तो कम से कम अपने पेशे की गरिमा का ख्याल रखते हुए या इसका मान रखते हुए निर्धारित ड्रैस कोड को अहमियत जरुर देना चाहिए। मेडिकल कॉलेज हास्पीटल-पेड्रीं में डाक्टर अपने ड्रेस में नजर आते हैं वहीं गरिमा जिला चिकित्सालय में बननी चाहिए। बहरहाल अब देखना है कि अस्पताल प्रबंधन इस ड्रेस कोड पालन के मामले में नहीं पालन करने वालों पर क्या रुख अख्तियार करता है।

### नर्स से दुर्व्यवहार करने वाले डाक्टर की आज पेशी

जिला चिकित्सालय में डाक्टर द्वारा बीते दिनों स्टाफ नर्स के साथ दुर्व्यवहार करने का मामला गरमाया हुआ है। बात प्रशासनिक स्तर तक चली गई है और इस पर ध्यान देते उ कलेक्टर जीतेंद्र यादव ने जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नेतराम नवरतन को जांच के आदेश दे दिए हैं। बताया जाता है कि इसके लिए एक जांच कमेटी का गठन किया गया है। उक्त जांच कमेटी द्वारा कथित रूप से दोषी डाक्टर को उक्त घटना के संबंध में अपना पक्ष रखने बुलाया गया है। अस्पताल के लोग इससे इत्तफाक नहीं रख रहे। उनका मानना है कि पहले जांच समिति को पीड़ित यानी दुर्व्यवहार का शिकार हुई स्टाफ नर्स के पक्ष से परिचित होना चाहिए लेकिन उक्त डाक्टर को बुलाकर उनका पक्ष पहले सुना जा रहा है। इस तरह जांच समिति द्वारा उल्टी गंगा बहाई जा रही है। इससे लोगों का कहना है कि उक्त डॉक्टर के उपरी पहुंच होने के चलते दुर्व्यवहार का शिकार हुई पीड़ित स्टाफ नर्स की आवाज दब नहीं जाए। इससे पीड़िता को सही न्याय नहीं मिल सकेगा और यह जांच एक औपचारिक व दिखावा का ही साबित हो कर रह जाएगा। बहरहाल आज जांच समिति द्वारा बुलाए गए उक्त कथित दोषी डाक्टर के पक्ष व वे अपने बचाव में क्या कैफियत पेश करते हैं, लोगों की नजरे इस पर टिकी हुई है।

# आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत जिले के आपदा प्रभावितों को स्वीकृत सहायता अनुदान राशि भुगतान हेतु तहसीलदार छुरिया एवं राजनांदगांव को उपलब्ध कराया गया है। छुरिया तहसील अंतर्गत आग से 1 फसल क्षति होने पर 4 हजार 318 रूपए, आग से 1 पक्का मकान आंशिक क्षति होने पर 6 हजार 500 रूपए व बर्तन क्षति होने पर 2 हजार 500 रूपए, तालाब के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए तथा राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि व आंधी तूफान से 9 मकान आंशिक क्षति होने पर 36 हजार रूपए, अतिवृष्टि व आंधी तूफान से 2 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रूपए, आग से 2 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रूपए सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

# लालूटोला स्कूल में सरकारी पुस्तकें कबाड़ी को बेचने के मामले में बड़ी कार्रवाई, प्रधान पाठक निलंबित

छुरिया (दावा)। विकासखंड छुरिया अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला लालूटोला में सरकारी पुस्तकों को कबाड़ी को बेचे जाने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव ने बड़ी विभागीय कार्रवाई करते हुए प्रधान पाठक श्रीमती कजला महिलांगे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरिया द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 17 जुलाई 2026 को जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के अपलेखन (निस्तारण) की निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण किए बिना उन्हें कबाड़ी को विक्रय किया गया। आदेश के अनुसार यह कृत्य पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, भंडार क्रय नियमों का स्पष्ट उल्लंघन, शासकीय संपत्ति का दुरुपयोग कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने तथा स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करता है। जो प्रथम दृष्टया कदाचार की श्रेणी में आता है। आदेश में यह भी उल्लेख है कि संबंधित कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 के विपरीत है। इसी आधार पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के तहत प्रधान पाठक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।



**जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी का सख्त एक्शन**
**० आदेश में घोर लापरवाही, नियम उल्लंघन और शासकीय संपत्ति के दुरुपयोग का उल्लेख**

### जांच प्रतिवेदन के बाद हुई कार्रवाई

गौरतलब है कि शासकीय प्राथमिक शाला लालूटोला में कबाड़ी की गाड़ी बुलवाकर पुरानी सरकारी पुस्तकों को बेचने का मामला फोटो-वीडियो के साथ सामने आया था। मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने पहले संबंधित शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा, फिर तीन सदस्यीय जांच दल गठित कर पूरे प्रकरण की जांच कराई। जांच टीम ने विद्यालय पहुंचकर संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए। अभिलेखों की जांच की और अपना प्रतिवेदन विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा। जांच प्रतिवेदन के आधार पर अब जिला शिक्षा अधिकारी ने यह निलंबन आदेश जारी किया है।

### डोंगरगढ़ रहेगा निलंबन अवधि का मुख्यालय

आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में प्रधान पाठक श्रीमती कजला महिलांगे का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, डोंगरगढ़ निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। प्रधान पाठक के निलंबन के बाद अब सभी की नजर शिक्षा विभाग की अगली कार्रवाई पर टिकी है। मामले के दौरान एक शिक्षिका के बिना आवेदन विद्यालय छोड़ने, दूसरी शिक्षिका के निर्धारित समय से देर से विद्यालय पहुंचने तथा मुख्यालय में निवास नहीं करने के आरोप भी सामने आए थे। इन बिंदुओं पर अब तक किसी अलग कार्रवाई की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल लालूटोला स्कूल में सरकारी पुस्तकें कबाड़ी को बेचने के मामले में प्रधान पाठक पर बड़ी विभागीय कार्रवाई हो चुकी है। अब शिक्षा विभाग के अगले कदम और शेष बिंदुओं पर होने वाली कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

# कुत्तों का खौफ : आवारा श्वानों के हमले बढ़े, रोकथाम को लेकर प्रशासनिक उदासीनता

### जिम्मेदारी थोपने में उलझे विभाग, घुघवा में भैंस के बछड़े को नोचकर मारा, कई मवेशी गंभीर रूप से घायल



डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र में आवारा कुत्तों का पालतू पशुओं के बच्चों पर हमला लगातार बढ़ रहा है। इसे लेकर प्रशासनिक कार्यवाही अब तक शून्य है। इसी क्रम में विकासखंड के ग्राम घुघवा में 20 अप्रैल को देर रात्रि में गांव के ही घुमंतू लावारिस कुत्तों के झुंड ने गौसेवक होमप्रकाश साहू के निवास पर बंधे भैंस के एक वर्ष के छोटे बछड़े पर हमला कर पेट, गले और पैर पर नोचकर मौत के घाट उतार दिया। होमप्रकाश ने बताया कि घटना देर रात्रि की है। इस दौरान घर में सभी लोग गहरी नींद में होने के कारण तथा देर रात्रि होने के कारण पंखा कूलर की आवाज में भैंस की चीख पुकार सुनाई नहीं दी। सुबह कोठार में गाय, भैंस को देखने गया तो भैंस के एक बच्चे लहू लुहान से लथपथ मृत अवस्था में पाया। इन लावारिश कुत्तों के झुंड ने गांव के अन्य घरों के गायों को खेत की ओर आठ से दस गायों पर हमला किया था। जिनमें लगभग पांच गाय गंभीर घायल हो गए हैं। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी थाना और एसडीएम को लिखित सूचना देने की बात कही है। इस घटना के साथ ही पशु पालकों और स्कूली बच्चों के पालकों में भय व्याप्त है। इस घटना के बाद नगरीय क्षेत्र के साथ आसपास के ग्रामों गूंगेरी नवागांव, बरगांव, गिरगांव, बीजाभांठा सहित अनेक ग्राम शामिल हैं। जहां कुत्तों के हमले जारी हैं और पिछले कुछ समय में ही लगभग 15 गौवशों को मौत हो चुकी है। वहीं बड़ी संख्या गौवंश घायल हैं, लेकिन इस गंभीर मसले पर प्रशासनिक कार्यवाही अब तक शून्य है। बता दें कि क्षेत्र में कुत्तों के अनेक हमले हो रहे हैं। जिसके चलते पशु चिकित्सा विभाग में पर्याप्त रेबीज इंजेक्शन की उपलब्धता नहीं है। इस विषय को लेकर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य चंद्राकर ने बताया कि एक दो माह पहले हाईकोर्ट का आदेश जारी किया था कि लावारिश कुत्तों को रैबीज का इंजेक्शन लगाना है। जो भी लावारिश कुत्तों को लाया गया है। उसे पशु चिकित्सा द्वारा रैबीज इंजेक्शन देने टीकाकरण हुआ है।

# चातुर्मास आत्मजागरण का स्वर्णिम अवसर, जितना धर्म लाभ ले सकें अवश्य लें - साध्वी आज्ञांजनाश्रीजी

### श्रद्धा और उत्साह के बीच डोंगरगांव में हुआ साध्वी संघ का भव्य मंगल प्रवेश, जिनवाणी से प्रारंभ हुई चातुर्मास की धर्मधारा





डोंगरगांव (दावा)। भक्ति, श्रद्धा और अपार उल्लास के वातावरण में श्वेतांबर जैन समाज की पूज्य साध्वी आज्ञांजनाश्रीजी म.सा. एवं साध्वी आगमरूचिश्रीजी म.सा. आदि ठाणा-2 का नगर में ऐतिहासिक एवं भव्य मंगल प्रवेश हुआ। गाजे-बाजे और सुमधुर भजनों के साथ निकली मंगल प्रवेश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्म के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त की। मंगल यात्रा नगर सीमा पर स्थित ब्राह्मण समाज भवन से प्रारंभ होकर पुराना बस स्टैंड, श्रीराम चौक, संजय चौक एवं सदर लाइन होते हुए श्री शांतिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा गहुली और आकर्षक रंगोली सजाकर साध्वीवृंद का भावभीना स्वागत किया गया। मंदिर परिसर पहुंचने पर श्री पार्श्व महिला मंडल द्वारा कलश एवं गहुली सजाकर साध्वी-द्वय को बधाया गया। शोभायात्रा के दौरान गायक सुमीत लोढ़ा एवं प्रियंक जैन ने अपने मधुर भजनों से समूचे माहौल को धर्ममय कर दिया।

### चातुर्मास जीवन को दिशा देने का अनुपम अवसर : साध्वी आज्ञांजनाश्रीजी

मंदिर परिसर में आयोजित धर्मसभा में पार्श्व महिला मंडल, समता मंडल एवं सुधर्म मंडल द्वारा मंगलाचरण एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अपने प्रथम चातुर्मासिक उद्बोधन में पूज्य साध्वी आज्ञांजनाश्रीजी म.सा. ने कहा कि चातुर्मास केवल चार महीने का प्रवास नहीं, बल्कि आत्मा को जागृत करने, जीवन को दिशा देने और धर्म से जुड़ने का अनुपम अवसर है। वर्षभर में यही वह समय है। जब जितना अधिक धर्म, ध्यान, स्वाध्याय और संयम का लाभ लिया जाए। वह जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बन जाता है। जैसलमेर से डोंगरगांव तक की लंबी पदयात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि डोंगरगांव के श्रावक-श्राविकाओं का समर्पण और आत्मीयता देखकर विश्वास दृढ़ हुआ है कि यह चातुर्मास अविस्मरणीय सिद्ध होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से केवल दर्शन तक सीमित न रहकर प्रतिदिन प्रवचन, तप, सामायिक और स्वाध्याय से जुड़ने का आह्वान किया।

### संस्कार ही व्यक्तित्व की सबसे बड़ी पूंजी : साध्वी आगमरूचिश्रीजी

अपने प्रेरक उद्बोधन में पूज्य साध्वी आगमरूचिश्रीजी म.सा. ने छत्तीसगढ़ में बीते अपने बचपन की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि धार्मिक संस्कार ही व्यक्ति के जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति हैं। उन्होंने सभी को विनय, विवेक, विद्या और व्यवहार–इन चार गुणों को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया। धर्मसभा में शीतल लोढ़ा (अध्यक्ष, श्री संघ) द्वारा गुरुदेव का शुभ संदेश पढ़ा गया। इसके अलावा हुकुमचंद बैद, उमरवाही के उत्तमचंद नाहटा, मंदिर समिति अध्यक्ष हेमंत चोपड़ा तथा विभिन्न श्रीसंघों के प्रतिनिधियों ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन रमन नाहटा ने किया। इस मंगल प्रवेश के साक्षी बनने राजनांदगांव, अर्जुनी, उमरवाही, कुमर्दा, बालोद, दल्ली राजहरा एवं नारायणपुर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। नगर के जनप्रतिनिधियों तथा दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारियों ने भी साध्वी संघ का स्वागत कर चातुर्मास की मंगलकामनाएं प्रेषित कीं। चार माह तक चलने वाले इस चातुर्मास में प्रतिदिन सुबह प्रवचन, स्वाध्याय, तप-आराधना और विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे।

# नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र की एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि शनिवार 18 जुलाई को प्रार्थियां ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसकी नाबालिक पुत्री को अंशु नेताम निवासी कंचनबाग द्वारा 14 फरवरी 2026 को मानव मंदिर के पास जबरदस्ती अपने साथ भगाकर उतई एवं खम्हरिया दुर्ग ले जाकर शादी का प्रलोभन देकर 5 माह तक लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहा और घर का कोई काम नहीं होने पर हाथ व बेल्ट से मारपीट कर मानव मंदिर रोज कार्नर के पास में लाकर छोड़ दिया। प्रार्थियां के इस रिपोर्ट पर आरोपी केखिलॉफ अप.क्र. 378/26 धारा 351 (2), 137 (2), 87, 64 (2) (एम) बीएनएस, 4, 6 पॉक्सो एक्ट कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों तत्काल अवगत कराया गया।

आज 20 जुलाई को आरोपी अंशु नेताम पिता संतोष नेताम उम्र 20 साल निवासी कंचनबाग को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिसमें उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार किया। उक्त मामले में उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ ने शंकर साहू को सौंपी प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी



मोहला (दावा)। अंबागढ़ चौकी छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के संगठनात्मक विस्तार के तहत कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ में शंकर साहू को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू की अनुशंसा पर की गई। शंकर साहू लंबे समय से समाज के विकास, शिक्षा और सामाजिक उत्थान से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहे हैं। नियुक्ति के बाद उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश साहू संघ के मार्गदर्शन में कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ को और अधिक सशक्त बनाने तथा शिक्षा व जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। शंकर साहू की नियुक्ति पर जिला साहू संघ मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी के जिला अध्यक्ष मदन साहू, युवा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नूतन साहू सहित चेतन कुमार साहू, मक्खन लाल साहू, कौशल किशोर साहू, द्वारिका प्रसाद साहू, नंदकुमार साहू, नरेंद्र कुमार साहू, वीरेंद्र कुमार साहू, विजय दास साहू, किशोर कुमार साहू, दुर्योधन कुमार साहू, चेमन लाल साहू, यशवंत कुमार साहू, रमेश कुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, नागेश कुमार साहू सहित समाज के अनेक पदाधिकारियों और सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। यह जानकारी मीडिया को युवा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नूतन साहू ने उपलब्ध कराई।

# फरवरी में होगी मां परमेश्वरी पुराण कथा

राजनांदगांव (दावा)। देवांगन समाज द्वारा आगामी वर्ष में 15 फरवरी 2027 से राजनांदगांव में मां परमेश्वरी पुराण कथा कराने की तैयारी में जुटा है। इसे लेकर सभी समाज के लोग उत्साहित हैं। अभी से कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। समाज के सभी लोगों को जोड़कर कार्यक्रम को भव्य रूप देने कार्ययोजना बनाई गई है। इसी कड़ी में नगर देवांगन समाज के शोभाराम देवांगन, महिला विंग की अध्यक्ष मीना देवांगन, कोषाध्यक्ष मधु देवांगन, सचिव माहेश्वरी देवांगन, उपाध्यक्ष तारकेश्वरी, सह सचिव नंदरानी देवांगन, शेखर देवांगन शंकरपुर, ठाकुर राम देवांगन बोरी, तेजराम देवांगन भेड़ीकला, लालाराम देवांगन बोरी व इंजीनियर जीआर देवांगन समेत आदि लोंगों का जत्था परमेश्वरी पुराण का श्रवण करने भाटापारा पहुंचा था। बताया गया कि भाठापारा में मां परमेश्वर पुराण ज्ञान यज्ञ के व्यासपीठ पर कथा वाचक संतोष गांगुली (खरोरा वाले) के मुखारविंद से मंगल माता दुर्गा परमेश्वरी की कथा की गंगा बह रही है। इसका श्रवण करने हर दिन बड़ी संख्या में भक्त जुट रहे हैं। इंजी. देवांगन ने बताया कि समाज ने उक्त आयोजन कराने का संकल्प लिया है। इसी के परिप्रेक्ष्य में तैयारी प्रारंभ कर दी गई है।

# गातापार भाजपा शक्तिकेन्द्र की बैठक में शामिल हुए विक्रांत सिंह



खैरागढ़ (भाजपा)। मण्डल भाजपा पांडादाह के अंतर्गत आने वाले गातापार जंगल शक्तिकेन्द्र की मासिक बैठक उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं केसीजी जिला भाजपा प्रभारी नलिनीश ठोकने तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में नलिनीश ठोकने ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा एक विचार आधारित पार्टी है। जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। इसी क्रम में विक्रांत सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार नियमित रूप से शक्तिकेन्द्र स्तर पर बैठक आयोजित की जा रही है। जिससे संगठन और अधिक सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार होने से विकास कार्यों को गति मिली है और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से संचालित हो रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर योजनाओं की जानकारी देने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की अपील की। बैठक के दौरान प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू, टीके चंदेल, दिनेश वर्मा, गोरेलाल वर्मा, टोमेश साहू, संजय यदु, कमलेश भदौरिया, नरोत्तम सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नीट-यूजी परीक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर आज मोहला में शांतिपूर्ण रैली




मोहला (दावा)। नीट-यूजी 2026 परीक्षा प्रक्रिया को लेकर उठे कथित विवादों और विद्यार्थियों के हितों से जुड़े मुद्दों के समर्थन में पलटन ग्रुप मोहला की ओर से 21 जुलाई को शांतिपूर्ण रैली निकाली जाएगी। रैली सुबह 11 बजे बस स्टैंड, मोहला से शुरू होगी। आयोजकों ने विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, युवाओं और नागरिकों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। आयोजकों के अनुसार, नीट यूजी-2026 परीक्षा के दौरान सामने आई कथित अनियमितताओं के कारण कई विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा देनी पड़ी। जिससे उन्हें मानसिक, शैक्षणिक और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उनका कहना है कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है।

आयोजकों ने यह भी दावा किया कि विभिन्न मीडिया रिपोर्टों में इस घटनाक्रम के दौरान 21 छात्रों की मौत का उल्लेख किया गया है। उनका कहना है कि इस तरह की घटनाओं ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं बढ़ाई हैं। इन्हीं मुद्दों को लेकर शिक्षा व्यवस्था में सुधार और विद्यार्थियों के भविष्य की सुरक्षा की मांग के साथ रैली आयोजित की जा रही है। पलटन ग्रुप ने स्पष्ट किया कि यह आयोजन किसी धर्म, जाति, समुदाय, राजनीतिक दल या देश के विरोध में नहीं है। रैली का उद्देश्य परीक्षा व्यवस्था में निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग उठाना तथा शिक्षा सुधार के पक्ष में लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखना है। रैली के माध्यम से निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था, मेहनती विद्यार्थियों के साथ न्याय, परीक्षा प्रक्रिया में जवाबदेही तय करने तथा छात्रों के भविष्य की सुरक्षा जैसी मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

### जिला पुलिस अधिक्षक ने थाना प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली, अवैध प्रवासियों के सत्यापन के दिए निर्देश

मोहला (दावा)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वाय.पी. सिंह (भा.पु.से.) ने गृह मंत्री, पुलिस महानिदेशक एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (गुप्त वार्ता) के निर्देशों के पालन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी थाना प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अप्रवासी बांग्लादेशी नागरिकों एवं अन्य अवैध प्रवासियों की पहचान और सत्यापन के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्राम कोटवारों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय सूचना तंत्र के सहयोग से फेरीवालों, किरायेदारों, बाहरी व्यक्तियों और अस्थायी मजदूरों का अनिवार्य सत्यापन करने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने को कहा गया।

# भाजपा के मेनिफेस्टो में शामिल आवासीय पट्टा और भूमि स्वामित्व के लिए सर्वे कार्य प्रारंभ



**पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने शहरवासियों से सर्वे कार्य में सहभागिता निभाने की अपील की**

डोंगरगढ़ (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के मैनिफेस्टो (संकल्प पत्र) में आवासीय पट्टा और भूमि स्वामित्व सबसे प्रमुख वादों में से एक है। मालिकाना हक (पट्टा) देने का लक्ष्य को ध्यान में रखकर आज सर्वे कार्य नगर पालिका परिषद एवं तहसील कार्यालय के रावस्व विभाग संयुक्त टीम द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है।

नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे से प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वे कार्य के लिए स्थानीय प्रशासन की ओर से 3 टीमों का गठन किया गया। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे द्वारा शहरवासियों से अपील कर सर्वे कार्य में सहभागिता निभाकर प्रशासन का सहयोग करने का निवेदन किया गया,ताकि योग्य परिवार को शासन की जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिल सके। सर्वे टीम द्वारा वार्ड नं 01 से 08 ओर वार्ड 9 से 16 और 17 से 24 में पट्टे का सर्वे कार्य प्रारंभ हो चुका है। जिसमें प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा सभापति अमित जैन, सुमित ताम्रकार, रेखा राघौते, मंडल महामंत्री विनय बंसल, विनीत यादव, पप्पू नामदेव, राजस्व विभाग की टीम उपस्थित थे।

# ग्राम पटेल ही अतिक्रमण करेंगे तो बाकी पर क्या असर होगा?



### 0 आक्रोशित ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

### 0 ग्राम रातापायली का मामला : चारागाह व शासकीय भूमि पर कब्जे का आरोप, तहसीलदार बोले—हटेगा अतिक्रमण

डोंगरगांव (दावा)। जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम रातापायली में बड़ी संख्या में अतिक्रमण किया गया है। जिसकी शिकायत विगत माह में ग्रामीणों के द्वारा किया गया था। इस मामले में पटवारी ने प्रारंभिक प्रतिवेदन भी प्रस्तुत कर दिया था। वहीं पखवाड़े भर से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही होता नहीं देख ग्रामीणों ने सोमवार 20 जुलाई को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि एसडीएम के द्वारा कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है।

ग्राम रातापायली के ग्रामीण हमीरचंद, गिरधर, बलदेव, जनक, खेमू, सुखचंद, राकेश, लोकनाथ, तिलक, मंगलसिंह, जशवंत, टॉमेश्वर, तिलक, राधेलाल, देवेंद्र आदि ने बताया कि ग्राम पटेल ठाकुरराम साहू व एक अन्य व्यक्ति दयालूराम निषाद के द्वारा शासकीय भूमि व चारागाह में अतिक्रमण किया गया है। इसके अलावा ग्राम पटेल के द्वारा अधिक लगान वसूली का भी आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। इस मामले में कार्यवाही नहीं होने नाराज ग्रामीणों ने एसडीएम अनिकेत साहू से मिलकर शिकायत की। वहीं एसडीएम श्री साहू ने जांच दल गठन कर कार्यवाही की समझाइश दी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। वहीं इस मामले में ग्राम पंचायत के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किये जाने से खासे नाराज हैं और गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पटेल गांव के आदर्श व्यक्ति होते हैं। उनके द्वारा ही गलत कार्य किया जाएगा, तो अन्य लोगों पर क्या असर होगा। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले में ग्राम स्तर पर बैठक भी हुई थी। जहां ग्राम पटेल के द्वारा मामले को सिरे खारिज कर दिया था। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मिलकर अतिक्रमण के मामले में कार्यवाही की मांग की है।

*पटवारी से अतिक्रमण संबंधित जानकारी मांगी गई है। अतिक्रमण पर कार्यवाही किया जाएगा। ग्राम पटेल के द्वारा अधिक लगान वसूली की भी शिकायत है। इसके लिए व्यक्तिगत रूप से शिकायत की आवश्यकता होगी।* **– कमल किशोर साहू, तहसीलदार डोंगरगांव**

# पहला कॉलम...

## स्पेन की जीत को ट्रंप ने बताया 'अमेरिका की जीत'

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट 'फीफा वर्ल्ड कप' का शानदार समापन हो गया है। फाइनल मुकाबले में स्पेन ने अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फीफा अध्यक्ष गियानी इन्फेंटिनो के साथ मिलकर विजेता टीम स्पेन को वर्ल्ड कप ट्रॉफी सौंपी।

हालांकि, भले ही स्पेन यह टूर्नामेंट जीता हो, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप इसे अमेरिका की एक बड़ी जीत मान रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷यह साबित हो गया कि अमेरिका भी एक फुटबॉल प्रेमी देश है और आगे भी रहेगा। इस आयोजन ने पूरी दुनिया को एक साथ लाने का काम किया है।÷ पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि उन्हें एक मेजबान के रूप में देश की सफलता पर गर्व है। उन्होंने आगे कहा, ÷पूरी दुनिया से लोग यहां आए हैं और वे हमारे देश से प्यार करते हैं।÷ उन्होंने फाइनल को एक कड़ा और रोमांचक मैच बताया और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए स्पेन की तारीफ की। वह रविवार के फाइनल मैच में राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर मरीन वन से पहुंचे थे।

राष्ट्रपति ट्रंप इस आयोजन की सफलता से इतने खुश हैं कि उन्होंने फीफा अध्यक्ष को अगला वर्ल्ड कप भी जल्द ही फिर से अमेरिका में कराने का सुझाव दे डाला है। इस बार वर्ल्ड कप की मेजबानी अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको ने मिलकर की थी। सख्त वीजा नियमों और कुछ देशों जैसे ईरान के फैंस पर पाबंदियों के कारण शुरुआत में सरकार की काफी आलोचना हुई थी।

## भूकंप के झटके से हिल उठी नेपाल की धरती

काठमांडू। नेपाल की धरती एक बार फिर भूकंप के तेज झटकों से हिल उठी। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5 मापी गई है। भूकंप आते ही लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोग घरों से बाहर खुले में निकल आए। भूकंप से फिलहाल किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि नेपाल के लुंबिनी प्रांत के पूर्वी रुकुम जिले में रविवार को 5.0 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र (हरूक्रष्ट) के मुताबिक स्थानीय समयानुसार शाम 4.30 बजे आए भूकंप का केंद्र पूर्वी रुकुम के कोल क्षेत्र में था। यह इलाका काठमांडू से लगभग 400 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है।

इस भूकंप के झटके पड़ोसी जिलों रोल्पा, बागलुंग और म्याग्दी में भी महसूस किए गए। केंद्र के वरिष्ठ भूकंप विज्ञानी लोक विजय अधिकारी ने बताया कि अब तक भूकंप से किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। नेपाल में हर वर्ष कई बार भूकंप आते हैं और यह दुनिया के सबसे सक्रिय भूकंपीय क्षेत्र-4 और 5 में है, जिसके कारण इसे भूकंप के लिहाज से अत्यधिक संवेदनशील माना जाता है।

## समुद्र में पलट गई 133 यात्रियों को ले जा रही नाव, अब तक 67 लोगों को बचाया गया

नई दिल्ली। दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना से दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। यहां 133 लोगों को ले जा रही नाव/फेरी समुद्र में पलट गई जिसके बाद हाहाकार मच गया है। अधिकारियों ने इस हादसे की जानकारी दी है और कहा है कि अब तक 67 लोगों को बचा लिया गया। अन्य लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। हालांकि, ये साफ नहीं हो पाया है कि इस हादसे में अब तक कितने लोगों की जान गई है।


गुयाना के प्रधानमंत्री मार्क फिलिप्स की ओर से सामने आई जानकारी के अनुसार, जो नाव पलटी उसका नाम %एमवी बारिमा% था। ये नाव राजधानी जॉर्जटाउन से उत्तरी अटलांटिक तट के रास्ते पोर्ट कैतूमा जा रही थी। इस दौरान ये नाव पोमेरून नदी के निकट पलट गई। पीएम फिलिप्स ने जानकारी दी है कि हादसे के बाद चलाए गए खोज और बचाव अभियान में जिन 67 लोगों को बचाया गया है उनमें 15 बच्चे शामिल हैं।

## 4,000 महंगी हुई चांदी, सोने की कीमतों में भी तेजी

नई दिल्ली। मिडिल-ईस्ट में तेजी से बिगड़ रहे माहौल के बीच सोने और चांदी की कीमतों में आज तेजी देखने को मिल रही है। सोमवार को चांदी के भाव में 4,000 रुपये तक की तेजी देखी जा रही है। चांदी के अलावा, आज सोने के भाव में भी बढ़त दर्ज की जा रही है। सोमवार को 5 अगस्त की डिलीवरी वाला सोना 257 रुपये (0.18 प्रतिशत) की साधारण तेजी के साथ 1,41,163 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा था।

आज सोने ने 743 रुपये की बढ़त लेकर 1,41,649 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार शुरू किया था, जो पिछले हफ्ते शुक्रवार को 1,40,906 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। खबर लिखे जाने तक, सोने का भाव 1,41,649 रुपये प्रति 10 ग्राम के इंट्राडे हाई से लेकर 1,41,081 रुपये प्रति 10 ग्राम के इंट्राडे लो तक पहुंच चुका था।

# स्पेन ने जीता 2026 फीफा वर्ल्ड कप



नई दिल्ली। स्पेन ने डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना को हराकर 2026 फीफा वर्ल्ड कप का खिताब जीता. जीत के बाद पूरी दुनिया में स्पेन की वाहवाही हो रही है. इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आई, जिसने सबको हैरान कर दिया. स्पेन के 19 साल के खिलाड़ी लामिन यमाल बीच मैदान पर ही गर्लफ्रेंड इनेस गार्सिया सैंटोस को किस करते नजर आए.

जीत के बाद जब पूरा स्टेडियम और खेल जगत जश्न में डूबा हुआ था, उस वक्त यमाल ने मैदान पर रोमांटिक माहौल बना दिया. मैच के बाद इनेस और यमाल मैदान पर बैठे नजर आए. इसी बीच इनेस ने यमाल को किस कर लिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

एक वीडियो में देखा जा सकता है कि एक फोटोग्राफर लामिन की तस्वीर ले रहा होता है. इसी बीच उनकी गर्लफ्रेंड उठकर आती है और उन्हें किस कर देती है. रोमांटिक माहौल को देख फोटोग्राफर वहां से उठकर चला जाता है.

कौन हैं लामिन यमाल की गर्लफ्रेंड इनेस गार्सिया सैंटोस?

अगर आप भी इस सवाल का जवाब तलाश रहे हैं कि आखिर 19 वर्षीय लामिन यमाल की गर्लफ्रेंड इनेस गार्सिया सैंटोस कौन है? तो आपको बता दें कि इनेस स्पेन की फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल इन्फ्लुएंसर हैं. वह स्पेन के सेविला से आती हैं. दोनों ने मई 2026 में एफसी बार्सिलोना के एक कार्यक्रम में अपने रिश्ते को आधिकारिक किया था. इनेस इंस्टाग्राम पर भी काफी फेमस हैं. उन्हें 2 मिलियन से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं.

### स्पेन ने एक के बाद एक जीते खिताब

स्पेन ने वर्ल्ड कप का दूसरा खिताब जीता. इससे पहले 2010 में स्पेन ने नीदरलैंड्स को 1-0 से हराकर खिताब जीता था. यह स्पेन का पहला विश्व कप टाइटल रहा. इसके बाद 2023 में स्पेन की महिला टीम ने फीफा वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया. अब 2026 में स्पेन ने अर्जेंटीना 1-0 से हराकर पुरुष वर्ग का दूसरा फीफा टाइटल जीता.

## टीम इंडिया की हार के बाद रुतुराज गायकवाड़ बने कप्तान

नई दिल्ली। टीम इंडिया को हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा. इसके अगले ही दिन यानी 20 जुलाई (सोमवार) को आगामी 2026 दिलीप ट्रॉफी के लिए वेस्ट जोन टीम का एलान हुआ. भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को वेस्ट जोन की कप्तानी सौंपी गई. वहीं लेफ्ट आर्म ऑलराउंडर शम्स मुलानी को उपकप्तान बनाया.



जोनल सिलेक्शन कमिटी की बैठक के बाद टीम का एलान किया गया. टूर्नामेंट 23 अगस्त से 10 सितंबर के बीच खेला जाएगा. बता दें कि पिछले साल भारत के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर वेस्ट जोन की कमान संभालते हुए नजर आए थे. शार्दुल की कप्तानी वाली टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी. शार्दुल इस बार भी टीम में हैं.

गायकवाड़ आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते हैं. अब देखना दिलचस्प होगा कि गायकवाड़ की कप्तानी में टीम कैसा प्रदर्शन करती है. टीम में 6 खिलाड़ी रिजर्व के रूप में भी चुने गए हैं. टीम में कई स्टार खिलाड़ियों को मौका दिया गया है. 15 सदस्यीय स्क्वॉड में पृथ्वी शॉ, सरफराज खान, मुशीर खान और उर्विल पटेल को मौका मिला है.

## फीफा वर्ल्ड कप 2026 में रोड्री को मिला बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड



नई दिल्ली। फीफा वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मैच स्पेन और अर्जेंटीना के बीच न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी स्टेडियम के बीच खेला गया। इस मैच में स्पेन ने आखिरी समय में एक गोल करते हुए अर्जेंटीना को 1-0 से मात दी और इसके साथ ही 16 साल के बाद दूसरी बार वर्ल्ड कप ट्रॉफी अपने नाम की। स्पेन ने अर्जेंटीना का लगातार दूसरा वर्ल्ड कप जीतने का सपना भी तोड़ दिया। इस जीत के बाद स्पेन टीम के कप्तान रोड्री ने टूर्नामेंट के बेस्ट खिलाड़ी का गोल्डन बॉल अवॉर्ड जीता।

स्पेन के गोलकीपर ने जीता गोल्डन ग्लव अवॉर्ड

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में किलियन एम्बाप्पे को गोल्डन बूट का अवॉर्ड मिला और इसके साथ ही उन्होंने एक नया इतिहास रच दिया है। वह लगातार दो वर्ल्ड कप में गोल्डन बूट जीतने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बन गए हैं। उनके बाद बेस्ट गोलकीपर का गोल्डन ग्लव अवॉर्ड स्पेन के उनाई सिमोन ने जीता। स्पेन के खिलाफ फीफा वर्ल्ड कप 2026 के 8 मैचों में सिर्फ एक ही गोल पड़ा। जबकि स्पेन के ही पाउ कुबारासी ने अपनी ही टीम के लामिन यमाल को पछाड़कर बेस्ट युवा खिलाड़ी का अवॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। कुबारासी स्पेन के लिए सेंटर बैक की भूमिका में खेलते हैं। वहीं नीदरलैंड की टीम ने फेयर प्ले अवॉर्ड जीता। फाइनल मैच में अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी के पास गोल्डन बूट जीतने का मौका था। ऐसा करने के लिए उन्हें इस मैच में कम से कम दो गोल करने की जरूरत थी। लेकिन फाइनल में मेसी का जादू नहीं चला। इस मैच में वह एक भी गोल नहीं कर सके। मेसी अब तक दो बार गोल्डन बॉल भी जीत चुके हैं और उन्हें उम्मीद थी कि उन्हें तीसरी बार भी ये अवॉर्ड मिलेगा लेकिन ये अवॉर्ड भी उन्हें नहीं मिला। मैनचेस्टर सिटी के मिडफील्डर रोड्री ने टूर्नामेंट में कोई गोल नहीं किया।

## सिकंदर रजा ने छुआ बड़ा मुकाम, जिम्बाब्वे के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले प्लेयर बने



नई दिल्ली। बांग्लादेश ने जीत के साथ जिम्बाब्वे दौरे का समापन किया। मेजबान जिम्बाब्वे को 3 मैचों की ञ्20ढ्ढ सीरीज में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस सीरीज का जिम्बाब्वे ने जीत से आगाज किया था, लेकिन दूसरे और तीसरे मैच में जिम्बाब्वे को हार का मुंह देखना पड़ा। बांग्लादेश ने दूसरे मैच में 34 रनों से जीत दर्ज की, जबकि तीसरा और आखिरी मुकाबला 4 विकेट से अपने नाम करते हुए सीरीज पर कब्जा जमाया।

सीरीज का तीसरा मैच भले ही जिम्बाब्वे नहीं जीत सका, लेकिन टीम के कप्तान सिकंदर रजा बड़ा मुकाम हासिल करने में सफल रहे। दरअसल, सिकंदर रजा तीसरे मैच में शिरकत करने के साथ ही जिम्बाब्वे की ओर से इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। ये रजा का 314वां मैच रहा, जिसकी बदौलत उन्होंने हैमिल्टन मसाकाद्जा का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया।

40 साल के रजा ने 2013 में बांग्लादेश के खिलाफ जिम्बाब्वे के लिए डेब्यू करने के बाद से 22 टेस्ट, 156 ह्रष्ठढ्ढ और 136 ञ्20ढ्ढ मैच खेले हैं। बता दें, जिम्बाब्वे की ओर से अब तक सिर्फ 3 खिलाड़ियों ने ही 300 या उससे ज्यादा मैच खेलने का कारनामा किया है। इनमें हैमिल्टन मसाकाद्जा और ब्रेंडन टेलर का नाम शामिल है।

सीरीज के तीसरे मैच की बात की जाए, तो क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए मैच में बांग्लादेश ने अफ्रीकी टीम के खिलाफ चार विकेट से करीबी जीत हासिल कर तीन मैचों की सीरीज अपने नाम कर ली। सीरीज के इस निर्णायक मैच में पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद जिम्बाब्वे ने अपने 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 143 रनों का ठीक-ठाक स्कोर बनाया, लेकिन ओपनर तंजिद हसन (66*) ने शानदार खेल दिखाते हुए दो गेंदें बाकी रहते ही टीम को जीत दिला दी।

## इंग्लैंड से हारकर टीम इंडिया को आईसीसी रैंकिंग में भी नुकसान, टॉप की कुर्सी खतरे में पड़ी



नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला भी टीम इंडिया हार गई है और इसी के साथ सीरीज भी हाथ से चली गई है। इस हार का असर ये हुआ कि अब भारतीय टीम को आईसीसी रैंकिंग में भी नुकसान दिखने लगा है। हालांकि टीम अभी पहले ही नंबर पर काबिज है, लेकिन उसकी रेटिंग में गिरावट हुई है, इसलिए अब टॉप की कुर्सी पर भी खतरा मंडराता हुआ नजर आ रहा है। तथ्य यह भी है कि शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिया चार वनडे सीरीज खेल चुकी है, इसमें से केवल एक में जीत मिली है, तीन सीरीज हारी हैं।

भारत बनाम इंग्लैंड वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 14 जुलाई को खेला गया था। सबसे पहले तो इससे एक दिन पहले यानी 13 जुलाई को दोनों टीमों की रेटिंग और रैंकिंग आईसीसी रैंकिंग में कैसी थी, इस पर नजर डाली जानी चाहिए। 13 जुलाई की रैंकिंग में टीम इंडिया 121 की रेटिंग के साथ पहले नंबर पर थी। वहीं बात अगर इंग्लैंड की करें तो उसकी रेटिंग 89 की थी और टीम आठवें नंबर पर थी। लेकिन जैसे जैसे सीरीज आगे बढ़ी चीजें बदलती चली गईं।

आज यानी 20 जुलाई की रैंकिंग को देखें तो भारतीय टीम है तो पहले ही नंबर पर, लेकिन उसकी रेटिंग गिरी है, जो 121 से घटकर सीधे 116 की हो चुकी है। इंग्लैंड की रेटिंग जो 89 की थी, वो अब बढ़कर 93 की हो चुकी है और टीम आठवें से सातवें नंबर पर पहुंच गई है। यानी उसे रेटिंग का तो फायदा हुआ ही है, साथ ही रैंकिंग में भी एक स्थान का उछाल मिला है। टीम अब अफगानिस्तान से आगे निकल गई है।

अब अगर टीम इंडिया के लिए खबरे की बात करें तो जैसा कि हमने आपको पहले ही बताया कि भारत की रेटिंग 116 की है और दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड की टीम है, जिसकी रेटिंग 111 की है। यानी दोनों के बीच केवल पांच अंकों का ही अंतर रह गया है। अब भारतीय टीम सीधे सितंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी, वहीं न्यूजीलैंड की टीम अभी वेस्टइंडीज से वनडे सीरीज खेल रही है।

## रोहित शर्मा ने रिटायरमेंट वाली अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी, कहा- मैं जब तक खेलूंगा ये सब चलता रहेगा



नई दिल्ली। लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे वनडे मैच में रोहित शर्मा ने जबरदस्त बल्लेबाजी की। उन्होंने इस मैच में शानदार शतकीय पारी खेलकर अपने ट्रोलर्स का मुंह बंद कर दिया है। दरअसल लॉर्ड्स वनडे मैच से पहले मीडिया में इस तरह की खबरें आई थी कि ये मुकाबला रोहित के करियर का आखिरी मैच हो सकता है। इन सब खबरों पर अब खुद हिटमैन ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बताया कि ये सब तब तक चलता रहेगा जब तक मैं खेलता रहूंगा। मेरा फोकस इस वक्त सिर्फ अच्छी क्रिकेट खेलने पर है।

लॉर्ड्स में सेंचुरी जड़ने के बाद रोहित के साथ इंटरव्यू में कहा कि मेरा काम मैदान पर बल्ले से रन बनाना है। मेरा काम अपने देश और टीम का प्रतिनिधित्व करना है। जब से मैंने अपने करियर की शुरुआत की है, मुझे यही करने के लिए कहा गया है और मैं आगे भी यही करता रहूंगा। मेरे डेब्यू के समय से ही बाहर मेरे संन्यास और फॉर्म को लेकर बातें बातें होती रही हैं, और जब तक मैं यहां क्रिकेट खेलूंगा, ये बातें हमेशा होती रहेंगी। इसलिए मुझे इन सब बातों से कोई खास फर्क नहीं पड़ता।

### मेरा फोकस अच्छी क्रिकेट खेलने पर है- रोहित

रोहित ने आगे कहा कि मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने यह रखता है कि मैं मैदान के अंदर क्या करता हूं और टीम की जीत में कितना योगदान दे पाता हूं। इस समय मेरा पूरा ध्यान सिर्फ इसी चीज पर है। जहां तक बाहर में हो रही बातों का सवाल है, तो इस शोर को रहने दीजिए, क्योंकि अगर थोड़ा शोर-शराबा नहीं होगा तो मजा कैसे आएगा? मेरा काम मैदान के अंदर खेलना है और बाहर वालों का काम बातें बनाना है, मैं इसे इसी तरह देखता हूं।

अपनी इस बातचीत में रोहित ने कोहली के साथ अपनी बॉन्ड को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि हम दोनों ने अपना पूरा करियर एक साथ खेला है, इसलिए मैदान पर विराट के साथ होना बहुत अच्छा लगा।

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

**राज्यसभा में पूर्व सदस्यों और कतर.....**

से 2011 तक पश्चिम बंगाल से राज्यसभा सदस्य रहे। खेल जगत में %टूटू बोस% के नाम से प्रसिद्ध स्वपन साधन बोस लंबे समय तक मोहन बागान एथलेटिक क्लब से जुड़े रहे और उसके अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने फीफा क्लब टास्क फोर्स के सदस्य के रूप में भी कार्य किया तथा भारतीय फुटबॉल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभापति ने कहा कि उनके निधन से देश ने एक प्रतिष्ठित खेल प्रशासक, सक्षम सांसद और समर्पित जनसेवक को खो दिया।

श्रद्धांजलि संदेश में रंगासायी रामकृष्ण को भी याद किया गया, जिनका 4 जून 2026 को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे वर्ष 2012 से 2018 तक कर्नाटक से राज्यसभा सदस्य रहे। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रहे रामकृष्ण ने राजस्थान सरकार और भारत सरकार में अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वे जिनेवा स्थित इकनॉमिक कमिशन फॉर यूरोप, जीएटीटी तथा यूएनसीटीएडी से भी जुड़े रहे। सभापति ने उन्हें समर्पित लोकसेवक और कुशल सांसद बताया। सभापति ने एच. हनुमंथप्पा के निधन पर भी गहरा दुख व्यक्त किया।

उनका 12 जुलाई 2026 को 94 वर्ष की आयु में निधन हुआ। वे वर्ष 1982 से 2000 तक लगातार तीन कार्यकालों तक कर्नाटक का राज्यसभा में प्रतिनिधित्व करते रहे। पेशे से अधिवक्ता हनुमंथप्पा ने रेलवे सेवा आयोग, बेंगलुरु के अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष सहित कई महत्वपूर्ण दायित्व निभाए। उन्होंने ग्रामीण विकास, सिंचाई, किसानों के कल्याण और ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। सभापति ने कहा कि उनके निधन से देश ने एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता, उत्कृष्ट लोकसेवक और प्रख्यात सांसद को खो दिया है। सदन ने कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल-थानी के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। उनका 12 जुलाई 2026 को 74 वर्ष की आयु में निधन हुआ। उन्होंने वर्ष 1995 से 2013 तक लगभग 18 वर्षों तक कतर के अमीर के रूप में नेतृत्व किया। सभापति ने उन्हें दूरदर्शी नेता बताते हुए कहा कि उन्होंने आधुनिक कतर के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारत-कतर संबंधों को मजबूत करने में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। श्रद्धांजलि संदेश के अंत में सभापति ने कहा कि राज्यसभा दिवंगत नेताओं के परिजनों, कतर सरकार और वहां की जनता के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करती है। इसके बाद उन्होंने सभी सदस्यों से अपने स्थान पर खड़े होकर दिवंगत आत्माओं की स्मृति में दो मिनट का मौन रखने का अनुरोध किया, जिसके साथ सदन ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

**राहुल गांधी ने पीएम को बताया युवा....**

प्रधान को हटाने तक की कार्रवाई नहीं की गई। उनके अनुसार, सरकार युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता नहीं दिखा रही है। राहुल गांधी ने संसद की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने कथित तौर पर पेपर लीक किया, वे खुले घूम रहे हैं, जबकि शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग करने वाले छात्रों को हिरासत में लिया जा रहा है और उनके साथ बल प्रयोग किया जा रहा है। राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी आवाज दबाने का रास्ता अपना रही है।

**सिंधु जल समझौते को लेकर दुनिया....**

यह संधि निलंबित रहेगी। डार ने कहा, हम कनाडा सहित अपने मित्र देशों से समर्थन चाहते हैं, ताकि भारत इस संधि को तुरंत बहाल करे, पानी का हथियार के तौर पर इस्तेमाल बंद करे और अंतरराष्ट्रीय कानून व रीति-रिवाजों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय कानून और संधि की शर्तों का पालन करे।

**प्रदेश में 17 करोड़ का स्नेक बाइट....**

था। इस प्रकरण में डॉ. प्रियंका सोनी, मृतक के परिजन और एक वकील को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। नियमों के मुताबिक, सांप डंसने पर चार लाख रुपये के मुआवजे का प्रावधान है। शायद यही वजह है कि सरकारी मुआवजा पाने के लिये लोग अपने परिजनों की सामान्य मौत को सर्पदंश बताकर सरकारी मुआवजा ले चुके हैं। महमंद निवासी निसार खान और लता सूर्यवंशी की संदिग्ध मौत के मामलों को स्नेक बाइट का मामला बताया गया था। इस मामले में दो मृतकों के रिश्तेदार और एक वकील समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**त्रिपुरा के पुलिस महानिदेशक अनुराग...**

कार्यालय कक्ष में फंदे से लटके हुए मिले, जिसके बाद वहां मौजूद स्टाफ के हाथ-पांव फूल गए। हालांकि, घटना के शुरुआती पलों में यह भी आशंका जताई जा रही थी कि उन्होंने अपनी सर्विस पिस्तौल का इस्तेमाल करते हुए खुद को गोली मारी है, लेकिन पुलिस की टीमें मौत के सटीक तकनीकी कारणों की जांच कर रही हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें तत्काल अगरतला के गोविंद बल्लभ पंत अस्पताल पहुंचाया। लेकिन, वहां पहुंचने पर डॉक्टरों की टीम ने गहन परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया और आगे की कानूनी व औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी। फिलहाल पुलिस ने अभी तक इस दुखद आत्महत्या के पीछे के कारणों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

**पहाड़ी राज्यों में मानसून का कहर....**

चलाने में मुश्किलें आईं। उफनते नाले, फिसलन भरी जमीन और कम दृश्यता के कारण बचाव दलों को लापता लोगों की तलाश में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नगालैंड में बारिश के बाद भूस्खलन से स्कूल की इमारत का एक बड़ा हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके चलते लिरमेन गांव के नोकलांगसांगबा सरकारी हाई स्कूल के 40 छात्रों के भविष्य पर अनिश्चितता छा गई है। शिक्षक इमलिमेरेन ने बताया कि रविवार को सुबह लगभग 11.30 बजे भूस्खलन शुरू हुआ। इसकी सूचना एक गैर-शिक्षण कर्मचारी ने दी, जिसने चर्च की प्रार्थना समाप्त होने से पहले जमीन को धंसते हुए देखा था।

सोमवार सुबह तक, प्रभावित हिस्सा लगभग दो से तीन फीट तक धंस चुका था, और स्थिति और भी खराब हो गई थी। उनके अनुसार, स्कूल की इमारत का लगभग 60 से 70 प्रतिशत हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रभावित ढांचे में छह से सात कक्षाएं, रसोई, कार्यालय और स्टाफ रूम शामिल हैं। जमीन धंसने के कारण दीवारों और फर्शों में दरारें आ गई हैं, जबकि गलियारे और नींव के कुछ हिस्से ढह गए हैं। यह घटना पिछले कई दिनों से लगातार भारी वर्षा के बाद नगालैंड भर में व्यापक मानसून संबंधी भूस्खलन और भूमि धंसने की घटनाओं के बीच घटी है।

**मानसून सत्र 2026 का आगाज़....**

नई ऊर्जा और अवसर प्रदान किए हैं, जिसका परिणाम विश्व स्तर पर दिखाई दे रहा है। बुनियादी ढांचे और तकनीक में नई उपलब्धियां: प्रधानमंत्री ने हाल ही में शुरू हुई राजस्थान की बड़ी तेल रिफाइनरी, देश के तीसरे सेमीकंडक्टर संयंत्र तथा दुनिया की सबसे लंबी और सबसे शक्तिशाली हरित हाइड्रोजन ट्रेन का उल्लेख करते हुए कहा कि ये उपलब्धियां भारत की तकनीकी क्षमता और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने इन परियोजनाओं का श्रेय देश के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, उद्यमियों और श्रमिकों को देते हुए कहा कि उनके समर्पण और मेहनत ने भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूत बनी भारतीय अर्थव्यवस्था: प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों को वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए आयात पर निर्भर है, इसलिए पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, उर्वरक और रसायनों की आपूर्ति में व्यवधान देश के लिए चिंता का विषय है। इसके बावजूद उन्होंने कहा कि भारत ने 7.7 प्रतिशत की विकास दर दर्ज कर विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखी है। उन्होंने इसे देश की आर्थिक शक्ति, नीतिगत स्थिरता और सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया।

संसद से की सकारात्मक भूमिका निभाने की अपील: प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों और सांसदों से आग्रह किया कि वे संसद को सार्थक चर्चा का मंच बनाएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन राष्ट्रीय हित सर्वोपरि होना चाहिए। उन्होंने कहा कि तथ्य और तर्क आधारित चर्चा से ही देश आगे बढ़ सकता है। अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का युवा आज नई ऊर्जा, नई सोच और बड़े सपनों के साथ आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में संसद की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह देश की आकांक्षाओं के अनुरूप निर्णय लेकर भारत के विकास को नई दिशा प्रदान करे।

# शिवनाथ कालोनी फेस-2 एवं 3 में 'शिवनाथ सद्भावना समिति' का गठन


21 सदस्यों की सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन, दो वर्ष रहेगा कार्यकाल

राजनांदगांव (दावा)। शिवनाथ कालोनी फेस-2 एवं 3 के समग्र विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, सौंदर्यीकरण, स्वच्छ वातावरण, सुरक्षा, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक सौहार्द एवं आपसी एकता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से रविवार को आयोजित बैठक में 21 सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से ''शिवनाथ सद्भावना समिति'' का गठन किया गया।

बैठक में सबसे पहले समिति के नाम पर विचार-विमर्श किया गया, जिसके बाद सर्वसम्मति से समिति का नाम ''शिवनाथ सद्भावना समिति'' रखा गया। इसके पश्चात कार्यकारिणी का गठन करते हुए विभिन्न पदों पर सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। समिति के संरक्षक के रूप में वार्ड पार्षद शेखर लश्खरे, अशोक चौबे एवं लोक दास साहू को मनोनीत किया गया। अध्यक्ष पद पर संजीव शर्मा, उपाध्यक्ष पद पर अनुराग वर्मा एवं रोहित साहू, सचिव पद पर कौशल वर्मा, सह सचिव पद पर छगन लाल रावके, कोषाध्यक्ष पद पर अंजनी तिवारी, मीडिया प्रभारी के रूप में योगेश दूबे, संगठन मंत्री के रूप में संतोष चंद्राकर, कार्यालय मंत्री के रूप में गोविन्द साहू, सांस्कृतिक प्रभारी के रूप में हरीश देवांगन, सह सांस्कृतिक प्रभारी के रूप में लोकेश्वर राव, पर्यावरण प्रभारी के रूप में सुरेश रूचंदानी, सह पर्यावरण प्रभारी के रूप में रामकुमार देवांगन एवं गोपाल बजाज, स्वास्थ्य प्रभारी के रूप में सुशील जायसवाल, सह स्वास्थ्य प्रभारी के रूप में अमरचंद बंजारे तथा विधिक सलाहकार के रूप में राकेश ठाकुर का चयन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय भी लिया गया कि समिति का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। समिति कालोनी के विकास, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सक्रिय रूप से कार्य करेगी। बैठक के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने नवगठित समिति को शुभकामनाएँ देते हुए शिवनाथ कालोनी फेस-2 एवं 3 के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष श्री संजीव शर्मा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया।

# 'ए-हेल्प' योजना के तहत 15 दिवसीय पशु सखी प्रशिक्षण का सफल समापन



खैरागढ़ (दावा)। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (एसबीआई आरसेटी) खैरागढ़ द्वारा ग्रामीण आजीविका संवर्धन और पशुधन विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। संस्थान में 'ए-हेल्प' (पशुधन स्वास्थ्य एवं विस्तार सेवाओं के लिए मान्यता प्राप्त प्रतिनिधि) योजना के अंतर्गत आयोजित 15 दिवसीय आवासीय पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस सघन प्रशिक्षण शिविर में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को पशुपालन और प्रबंधन से जुड़ी उन्नत तकनीकों से लैस किया गया।

15 दिनों के इस आवासीय प्रशिक्षण के दौरान देश के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को पशुपालन के आधुनिक तौर-तरीके, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, समय पर टीकाकरण (वैक्सीनेशन), पशुधन संवर्धन तथा जमीनी स्तर पर पशुपालकों को तकनीकी सहायता प्रदान करने संबंधी व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी दी गई।

### पशु सखी टूलकिट का वितरण, अब आत्मनिर्भर बनेंगी ग्रामीण महिलाएं

समापन समारोह में जिला परियोजना प्रबंधक, आजीविका मिशन (बिहान) उमेश कुमार तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाली सभी पशु सखियों को उनके कार्य के लिए आवश्यक पशु सखी टूलकिट वितरित किया। प्रशिक्षार्थियों को बधाई देते हुए मुख्य अतिथि उमेश कुमार तिवारी ने कहा कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान और कौशल का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए होना चाहिए। पशुधन विकास के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महिलाओं की यह भूमिका ऐतिहासिक होगी। उन्होंने सभी प्रशिक्षित महिलाओं को आजीविका एवं स्वरोजगार की विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़कर पूरी तरह आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

### पशुधन विकास और ग्रामीणों के बीच मजबूत सेतु बनेंगी महिलाएं : सीएस ठाकुर

अग्रणी जिला प्रबंधक एवं प्रभारी निदेशक (एसबीआई आरसेटी) सी. एस. ठाकुर ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन का विकास और पशुपालकों तक जरूरी सरकारी योजनाएं व तकनीकी सेवाएं पहुंचाना एक बड़ी चुनौती होती है।

# डिजिटल सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, एग्रीस्टेक पंजीयन में लाएं प्रगति-कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति



दस्तावेजों की जांच में न हो लापरवाही, आम नागरिकों को नहीं होनी चाहिए परेशानी
सेवा सेतु, आधार अपडेट एवं एग्रीस्टेक पंजीयन की कलेक्टर ने की समीक्षा
कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने उत्कृष्ट सेवा सेतु प्रबंधकों को प्रशस्ति-पत्र एवं पौधा भेंट कर किया सम्मानित

मोहला (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने गतदिवस को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सेवा सेतु पोर्टल एवं जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी की सेवाओं के संबंध में सीएससी संचालकों एवं आधार संचालकों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं की प्रगति, आधार अपडेट कार्य तथा एग्रीस्टेक पंजीयन अभियान की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों द्वारा सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों की ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी प्रस्तुत की गई।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कहा कि सेवा सेतु पोर्टल के जरिए नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाएं सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जा रही हैं। राज्य शासन का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ डिजिटल माध्यम से प्रत्येक पात्र नागरिक तक शीघ्र एवं प्रभावी रूप से पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सभी सीएससी संचालक नागरिकों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं तथा पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने बैठक में उपस्थित सभी सीएससी संचालकों एवं आधार संचालकों को निर्देशित किया कि किसी भी आवेदन को भरते समय संबंधित दस्तावेजों का भली-भांति परीक्षण करें तथा त्रुटिरहित दस्तावेज ही पोर्टल पर अपलोड किए जाएं। उन्होंने कहा कि लापरवाही अथवा छोटी-सी त्रुटि के कारण आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है, इसलिए प्रत्येक आवेदन पूरी सावधानी एवं जिम्मेदारी के साथ तैयार किया जाए। उन्होंने अपूर्ण दस्तावेज स्वीकार नहीं करने, आवेदकों को आवश्यक जानकारी सही तरीके से उपलब्ध कराने तथा निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं प्रदान करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने जिले में आधार अपडेट की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने मोबाइल नंबर अपडेट, एमबीयू के माध्यम से आधार अपडेशन, बायोमेट्रिक एवं जनसांख्यिकीय जानकारी के अद्यतन सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि आधार सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा पात्र हितग्राहियों के आधार अपडेट का कार्य प्राथमिकता के साथ समय पर पूर्ण किया जाए। साथ ही आधार केंद्रों पर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने एग्रीस्टेक पंजीयन की भी समीक्षा की। उन्होंने सीएससी संचालकों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन कराते हुए प्रगति लाने कहा। उन्होंने कहा कि किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन के लाभों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया जाए तथा पात्र किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए ग्राम स्तर पर सक्रियता के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं सीएससी संचालकों को आपसी समन्वय के साथ लक्ष्य अनुरूप कार्य करते हुए शासन की डिजिटल सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

### द्वारिकानाथ बाजपेयी को एनव्हीएम में श्रद्धांजलि



डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई) मोहड़ में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में विद्यालय परिवार द्वारा बोर्ड ऑफडायरेक्टर्स एवं युवा शिक्षाविद् इंजी. नीरज बाजपेयी के दिवंगत पिता श्री स्व. द्वारिकानाथ बाजपेयी को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गई। सभा को संबोधित करते हुए प्राचार्य जिवेश द्विवेदी ने कहा कि स्व. द्वारिकानाथ बाजपेयी धर्मपरायण व्यक्ति थे। उन्होंने समाज सेवा के माध्यम से अनु करणीय कार्य किए हैं। उनका देवलोक गमन परिवार और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। श्री द्विवेदी ने दिव्यात्मा को श्री चरणों में स्थान देने व शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्तिप्रदान करने, ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा मे प्रशासक श्रीजीराम सिन्हा सहित पूरा विद्यार्थी वर्ग, शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टॉफउपस्थित थे। यह जानकारी संस्था व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।

# लेही विधि से अंकुरित बीजों को मचाई किए हुए खेतों में ड्रम सीडर एवं छिटकवा विधि से करें बुवाई


बुआई के पूर्व बीज को कार्बेन्डाजिम या किसी अन्य कवकनाशी दवा से उपचारित कर लें
रोपाई एवं बियासी पद्धति से धान की खेती करने वाले किसान 30 जुलाई तक रोपाई एवं बियासी का कार्य कर ले

राजनांदगांव (दावा)। कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव द्वारा एलनीनो के फसल में प्रभाव एवं बचाव हेतु विशेष सलाह दी गई है। किसानों को खेतों में पर्याप्त पानी की उपलब्धता होने पर मचाई कर नर्सरी उपलब्ध होने पर रोपाई करने अथवा नर्सरी की अनुपलब्धता पर लेही विधि से अंकुरित बीजों को मचाई किए हुए खेतों में ड्रम सीडर एवं छिटकवा विधि से बुवाई करने कहा गया है। साथ ही नर्सरी एवं बीजों को कवकनाशी (कार्बेन्डाजिम) एवं जैव उर्वरकों से उपचारित कर रोपाई एवं बुवाई करें।

इस वर्ष अषाढ़ माह 1 जुलाई से प्रारंभ हुआ है। अषाढ़ माह से प्रारंभ होकर सावन मास की हरियाली अमावस्या अर्थात हरेली तिहार तक हम खरीफ फसल की बुआई एवं रोपाई कर सकते हैं। इस वर्ष हरेली 12 अगस्त को मनाई जाएगी। जो किसान धान की सीधी बुआई करते हैं, उन्हें जमीन में बतर की स्थिति में 15 जुलाई तक धान की बुआई करने का परामर्श दिया गया है। रोपाई एवं बियासी पद्धति से धान की खेती करने वाले किसान 30 जुलाई तक रोपाई एवं बियासी का कार्य कर ले। किसी असामान्य परिस्थिति के कारण विलंब होने से यदि किसान हरेली तक भी बुआई रोपाई का कार्य करते हैं तो फसल के उत्पादन में ज्यादा नुकसान नहीं होगा। किसानों को इस वर्ष मानसून विलंब के कारण धान की शीघ्र एवं मध्यम अवधि में पकने वाली प्रजातियां एमटीयू 1010, एमटीयू 1153, एमटीयू 1156, एमटीयू 1001, विक्रम टीसीआर, छत्तीसगढ़ धान 1919, छत्तीसगढ़ तेजस्वी धान, महामाया सहित 125-130 दिन तक पकने वाले धान का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

एक एकड़ में सीधी बुआई एवं बियासी के लिए 30 किलोग्राम, रोपा पद्धति में 20 किलोग्राम तथा हाइब्रिड प्रजाति के लिए 6 किलोग्राम बीज का उपयोग करें। जिन खेतों में अधिक जल भराव हो गया है तथा वर्षा रूक नहीं रही हो तो लेही पद्धति से धान की बोआई करें। इस विधि में धान के अंकुरित बीजों की खेत में बुआई की जाती है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उन क्षेत्रों में लगातार वर्षा की स्थिति निर्मित होने के कारण धान की लेही विधि से बुवाई करना उपयुक्त रहेगा। इस हेतु धान के खेत में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध होने पर खेत की रोपा पद्धति की ही तरह अच्छी तरह से मचाई कर अंकुरित बीजों को ड्रम सीडर अथवा छिटकवा विधि से बुवाई करें। इस विधि में मध्यम अवधि में पकने वाली लगभग 120-130 दिन वाली विक्रम टीसीआर, छत्तीसगढ़ धान 1919, छत्तीसगढ़ तेजस्वी धान, महामाया, एमटीयू 1001 किस्म का चयन करें एवं इसके लिए बीज दर 40 किलोग्राम प्रति एकड़ उपयोग करते हुए बीजों को 8-10 घंटे पानी में भिगोना चाहिए। इन भीगे हुए बीजों का पानी निथार ले। इसके बाद इन बीजों को पक्के फर्श पर रखकर बोरे से ठीक से ढक देना चाहिए। लगभग 24-30 घंटे में बीज अंकुरित हो जाएंगे। अब बोरे को हटाकर बीज को छाया में फैलाकर रखें एवं इन अंकुरित बीजों को ड्रम सीडर यंत्र उपलब्ध होने पर पंक्ति में बोवाई करें अथवा छिटकवा विधि से बुवाई करें।

बुआई के पूर्व बीज को कार्बेन्डाजिम या किसी अन्य कवकनाशी दवा से उपचारित कर लें। एक किलो बीज के लिए ढाई ग्राम दवा का प्रयोग करें। भूमि में नाइट्रोजन फास्फोरस एवं पोटेशियम की पूर्ति के लिए जैव उर्वरकों का उपयोग करना चाहिए। धान में एजोस्पाइरिलम, पीएसबी, केएसबी का उपयोग करना चाहिए। इन तीनों तरल जैव उर्वरकों की 2-2 मिली मात्रा अर्थात 6 मिली तरल पदार्थ 4 मिली पानी में मिला लें। इस प्रकार तैयार 10 मिली के घोल से 1 किग्रा धान बीज को उपचारित कर दें। यह उपचार पौधों को लगभग 12 किलोग्राम नाइट्रोजन 8 किलोग्राम फास्फोरस एवं 5 किलोग्राम पोटेशियम प्रति एकड़ प्रदान करेगा।

रासायनिक दवाई से भी संकरी पत्ती एवं चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों का प्रभावकारी निंदा नियंत्रण किया जा सकता है। अंकुरण पूर्व निंदानाशक व्यवसायिक नाम- पेन्डीमेथीलीन स्टाम्प, पेंडीगोल्ड, पेंडीलीन, धानुटांप, पेनिडा, पेंडीहबे अन्य की 1000 मिली मात्रा को 150 लीटर पानी में घोलकर एक एकड़ में बुआई के 0 से 3 दिन के बीच छिड़काव करें। पाइरेजोसल्फूरान व्यवसायिक नाम- साथी, सेवक, पाइरोसल्फ, लाठी अन्य 80 मिली मात्रा को 150 लीटर पानी में मिलाकर बोने के 0 से 3 दिन बाद तक एक एकड़ खेत में छिड़काव करें। बिसपायरी बेक सोडियम व्यवसायिक नाम- नोमीनी गोल्ड, एडोरा, स्ट्राइडर, बिसफोर्स अन्य 100 मिली मात्रा को 150 लीटर पानी में मिलाकर 1 एकड़ खेत में बोने अथवा रोपाई के 20 से 25 दिन के बाद छिड़काव करें। क्लोरीम्यूरान इथाइल . मेटसल्फ्यूरान मिथाइल व्यवसायिक नाम- आलमिक्स, धारमिक्स, दिग्गज आदि की 8 मिली दवा को 150 लीटर पानी मिलाकर 1 एकड़ खेत में बोने अथवा रोपाई के 20 से 25 दिन के बाद छिड़काव करें।

# शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 18 जुलाई 2026 को शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस. के. उके के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वाणिज्य विभाग के सभी प्राध्यापकों, स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। डॉ. एस.के.उके ने संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष पृथ्वी के जीवनदायी आधार हैं तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।उन्होंने उपस्थित सभी छात्र - छात्राओं से पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लेने का आग्रह किया। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल करना भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करने की उत्सुकता व्यक्त की। उन्होंने वृक्ष लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनाने 22 को मोहला में

मोहला (दावा)। बस्तर मुन्ने अभियान अंतर्गत पात्र दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय दिव्यांगजन प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन 22 जुलाई को प्रातः 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहला (जिला चिकित्सालय परिसर) में किया जाएगा। शिविर में चिन्हांकित पात्र दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं UDID कार्ड बनाए जाएंगे। हितग्राहियों को पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने संबंधित जनपद पंचायतों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के चिन्हांकित दिव्यांगजनों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# आवश्यक प्रमाण पत्र बनने से श्रीमती तरुण बाई की तीनों बेटियों के लिए शिक्षा और योजनाओं की राह हुई आसान


सेवा सेतु केंद्र से कार्यालयों के चक्कर लगाने की परेशानी हुई समाप्त

मोहला (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप आमजन को त्वरित, पारदर्शी और सहज शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित सेवा सेतु केंद्र जिले में सुशासन का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहा है।

सेवा सेतु केंद्र के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं समयबद्ध तरीके से निराकरण किया जा रहा है, जिससे लोगों का शासन के प्रति विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। सुशासन की पहल से लाभान्वित हुई हैं ग्राम करमोता निवासी श्रीमती तरुण बाई, जिनका परिवार कृषि कार्य कर अपनी आजीविका चलाता है। अपनी तीनों बेटियों के भविष्य को लेकर वे लंबे समय से चिंतित थीं, क्योंकि उन्हें जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। इन दस्तावेजों के अभाव में बेटियों को शिक्षा, छात्रवृत्ति तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

समस्या के समाधान के लिए श्रीमती तरुण बाई ने सेवा सेतु केंद्र में आवेदन प्रस्तुत किया। केंद्र के कर्मचारियों ने उनके आवेदन का त्वरित ऑनलाइन पंजीयन कर संबंधित विभाग को अग्रेषित किया। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनकी तीनों बेटियों के आवश्यक प्रमाण पत्र समय पर जारी कर दिए गए। प्रमाण पत्र मिलने के बाद अब उनकी बेटियां बिना किसी बाधा के शैक्षणिक प्रवेश, छात्रवृत्ति तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगी। इससे परिवार की चिंता समाप्त हुई और उन्हें राहत मिली। श्रीमती तरुण बाई बताती हैं कि उन्हें उम्मीद थी कि उनकी समस्या का समाधान होगा, लेकिन इतनी शीघ्र और सरल प्रक्रिया से प्रमाण पत्र मिल जाना उनके लिए सुखद अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु केंद्र ने सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने की परेशानी समाप्त कर दी है और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुविधाजनक रही। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की जनहितैषी सोच और संवेदनशील कार्यप्रणाली के कारण आम लोगों को समय पर राहत मिल रही है। सेवा सेतु केंद्र वास्तव में जरूरतमंद नागरिकों के लिए एक भरोसेमंद व्यवस्था बन गया है, जो सुशासन को धरातल पर साकार कर रहा है।




जिनके जीवन का हर पल, सेवा और राष्ट्रहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है,
जिनके लिए जनकल्याण ही जीवन साधना है, ऐसे **सेवा-व्रती नरेन्द्र मोदी जी** के नेतृत्व में
भारत की निरंतर प्रगति का साक्षी पूरा देश कह रहा है...

# 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के

## गरीब कल्याण
- **81+ करोड़** लोगों को प्रतिमाह **मुफ्त राशन**
- **4+ करोड़ पीएम आवास, 10.5+ करोड़ उज्ज्वला गैस कनेक्शन** और **12+ करोड़ शौचालय** से जीवन हुआ आसान

## युवा शक्ति
- लगभग **2 करोड़** युवाओं को **स्किल ट्रेनिंग**
- **₹40 लाख करोड़** के **मुद्रा लोन**
- देशभर में **2.2 लाख स्टार्टअप्स**
- **10,000+ अटल टिंकरिंग लैब्स** से नवाचार को बढ़ावा

## किसान कल्याण
- **₹4.3 लाख करोड़** की पीएम किसान सम्मान निधि
- **4+ करोड़** किसानों को **₹2 लाख करोड़** का **फसल बीमा**
- **₹26+ लाख करोड़** की फसल खरीद **MSP** पर
- **8 करोड़** किसानों को **किसान क्रेडिट कार्ड**

## नारी शक्ति
- **32+ करोड़** महिलाओं के **जन-धन खाते** खुले
- सेना में महिलाओं को मिला **स्थायी कमीशन**
- **3+ करोड़ लखपति दीदी**
- **10 करोड़** ग्रामीण महिलाएं **91+ लाख सेल्फ हेल्प ग्रुप** के माध्यम से सशक्त

## स्वास्थ्य
- **70+** के बुजुर्गों को भी **₹5 लाख** का **मुफ्त उपचार**
- **60+ करोड़** लोगों को **आयुष्मान भारत** की सुरक्षा
- देशभर में **19,000+ जन-औषधि केंद्रों** पर **90%** तक सस्ती दवाएं

## मिडिल क्लास
- **₹12.75 लाख** तक की वार्षिक आय **टैक्स फ्री**
- **UDAN** योजना के तहत **1.6+ करोड़** यात्रियों ने की किफ़ायती हवाई यात्रा
- **एमबीबीएस** सीटों की संख्या 151% बढ़कर करीब **1.3 लाख** हुई

## राष्ट्र निर्माण
- **26** शहरों में फैला **1,100+ किमी** का **मेट्रो नेटवर्क**
- देशभर में दौड़ रहीं **164 वंदे भारत ट्रेनें**
- अटल सेतु, सुदर्शन सेतु, चिनाब रेल ब्रिज, बोगीबील ब्रिज, पंबन समुद्री पुल जैसे **बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण**
- **एयरपोर्ट्स** की संख्या 74 से बढ़कर **164** हुई

## राष्ट्र प्रथम
- करीब **₹38,400 करोड़** का रिकॉर्ड **डिफेंस एक्सपोर्ट**
- **नक्सलमुक्त भारत** का सपना साकार, आतंकवाद पर हो रहा **कड़ा प्रहार**
- गुलामी की मानसिकता से मुक्ति - राजपथ बना **कर्तव्य पथ, शिवाजी की मुद्रा** से प्रेरित **नौसेना का नया ध्वज**

## विरासत और विकास
- अयोध्या में **भव्य राम मंदिर** का निर्माण
- काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल महालोक और केदारनाथ धाम का **कायाकल्प**



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

संवाद-48381/1


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com